# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025





# जंगल में एके 47 का करते थे उपयोग, अब आत्मसमर्पित माओवादी तीरदांजी में लगा रहे निशाना



महेन्द्र विश्वकर्मा ▸▸| जगदलपुर

## बस्तर ओलंपिक में 761 सरेंडर माओवादी और पीड़ित परिवार के सदस्य ले रहे भाग

बस्तर के जंगल में नक्सली बन कर एके-47 से हत्या करने वाले अब समर्पण के बाद बस्तर ओलंपिक में तीरंदाजी करते हुए निशाना लगा रहे हैं। बस्तर के अलग-अलग जिलों के खिलाड़ियों के साथ 761 सरेंडर माओवादी और माओवादियों से पीड़ित परिवारों के सदस्य भी खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। नक्सली जंगलों में आधुनिक हथियार लेकर घूमते थे, लेकिन अब मुख्यधारा से जुड़कर बस्तर ओलंपिक में पदक की दौड़ में शामिल हैं। सरेंडर माओवादी पोयामी भीमा, पोदियाराम मरकाम, बुधरा पोड़याम, अर्जुन माड़वी बस्तर ओलंपिक में खेल रहे हैं। मोटू ने बताया कि वर्ष 2018 से अगस्त 2025 तक बंदूक के साथ जंगल में नक्सली संगठन में रहा, ओलंपिक में खो-खो खेल रहा है। इसके अलावा नक्सल पीड़ित रामु, माड़वी सुक्का, वीरेश मौर्य, सुरेश कुमार मिच्चा, किशन, कमल, मड़कम तीरदांजी कर रहे हैं। सुकमा जिला निवासी पोयामी भीमा ने बताया कि नक्सल संगठन का डीवीसी रहा, वर्ष 2021 में टेकलगुड़ा घटना में माओवादियों ने लगभग 25 जवानों को शहीद किया था, उसमें शामिल रहा। वर्ष 2012 में कलेक्टर के अपहरण में पुलिस की ओर से बाएं पैर में गोली लगी थी, लेकिन भाग गया था। भीमा की पत्नी भी डीवीसी में रही। दोनों ने एके-47 के साथ जुलाई 2025 में आत्मसमर्पित किए। उसने बताया कि जंगल में एके-47 से निशाना लगाते थे पर अब बस्तर ओलंपिक में तीरदांजी कर रहे हैं।



**20 साल तक नक्सल संगठन में रहा :** नक्सल संगठन में डीवीसी रहे पोदियाराम मरकाम एवं बुधरा पोड़याम ने बताया कि लगभग 20 साल तक नक्सल संगठन में एके-47 के साथ रहा। सरेंडर होने के बाद बस्तर ओलंपिक में खेलने का अवसर मिला, जिसमें तीरदांजी कर रहे हैं। उनका कहना है कि अब मुख्य धारा में आ गए हैं, अब ऐसा काम करना है, जिससे लोग सम्मानित करें।

### नक्सल संगठन में रहे डॉक्टर सुखलाल

माओवादी संगठन में कभी डॉक्टर का काम करने वाले सुखलाल ने बताया कि अबूझमाड़ इलाके में माओवादियों और ग्रामीणों का इलाज करते थे, जिसके कारण अबूझमाड़ में काफी प्रसिद्ध हैं। थ्री-नॉट-थ्री रायफल रहती थी, आठ लाख का ईनाम था, सुखलाल डॉक्टर टीम में कमांडर का काम करते थे। सरेंडर किए सुखलाल ने बताया कि ओलंपिक में वालीबॉल खेल रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीश के रूप में जस्टिस वर्मा ने ली शपथ



बिलासपुर। हाईकोर्ट में शुक्रवार को जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा द्वारा अपने न्यायालय कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर हाईकोर्ट के न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। विधि एवं विधायी कार्य विभाग नई दिल्ली द्वारा 11 दिसंबर को जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में स्थाई न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की अधिसूचना जारी की गई है। जस्टिस वर्मा को आज हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने न्यायालय कक्ष में स्थाई न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाधिवक्ता विवेक शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्तागण एवं अन्य अधिवक्तागण, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री न्यायिक अकादमी एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतरजातीय विवाह से नाखुश पिता ने की बेटे की प्रेमिका की हत्या

**कवर्धा।** बेटे के प्रेम विवाह से नाराज पिता ने युवती की हत्याकर टैंक में डाल दिया। पुलिस ने आरोपी पिता जहल पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। स. लोहारा पुलिस के अनुसार प्रार्थी भोजराम पटेल पिता जहल राम पटेल आयु 23 वर्ष, निवासी बांधाटोला थाना सहसपुर लोहारा ने कामनी निषाद उम्र 20 वर्ष, निवासी चैतुखपरी थाना मोहारा जिला राजनांदगांव को हैदराबाद से प्रेम प्रसंग के कारण शादी करने के उद्देश्य से अपने गांव लाया था, जो 07 नवंबर 2025 को बिना बताए कहीं चली गई। पता तलाश के दौरान प्रार्थी के परिजनों से पूछताछ में विरोधाभास मिलने पर मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा प्रार्थी युवक के पिता जहल पटेल से कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसका बेटा कामनी निषाद से प्रेम करता था, किंतु लड़की अन्य जाति की होने के कारण वह इस संबंध को स्वीकार नहीं करता था।

### धान खरीदी में लापरवाही, समिति प्रबंधक निलंबित

**बलौदाबाजार।** विकासखंड सिमगा अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बनसांकरा में शासन के महत्वपूर्ण धान खरीदी कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण प्रभारी समिति प्रबंधक सतीष कुमार महिलांग को उप आयुक्त सहकारिता द्वारा निलंबित किया गया है एवं बारदाना प्रभारी थानेश्वरी साहू दैनिक कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त किया गया है। कार्य में लापरवाही बरतने पर हथबंद के समिति प्रबंधक अरूण कश्यप, संकरी के समिति प्रबंधक प्रतीक राज साहू, खैरा के समिति प्रबंधक प्रताप यदु, कोयदा के समिति प्रबंधक करन दिनकार, भाटापारा के समिति प्रबंधक शिवकुमार यादव, छेछर के समिति प्रबंधक मधुकर कश्यप,को नोटिस जारी किया गया है ।

### रायपुर सहित राज्य के अलग-अलग शहरों में 16 से ज्यादा मामले दर्ज

# कोल घोटाला सहित शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर करोड़ों की ठगी, राकेश गिरफ्तार

**शेयर बाजार में ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर ठगी तथा कोल घोटाले का आरोपी राकेश जैन को ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। राकेश जैन के खिलाफ पुलिस ने लुक आउट नोटिस भी जारी किया था। राकेश पांच साल से फरार था। उसके खिलाफ राजधानी सहित राज्य के अलग-अलग शहरों में 16 से ज्यादा ठगी के मामले दर्ज हैं। शेयर बाजार में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर कारोबारी, अधिकारी तथा डॉक्टर से 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी का राकेश जैन पर आरोप है।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राकेश जैन को गिरफ्तार करने के बाद ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने उसे शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश नीरज शर्मा की कोर्ट में पेश किया। ईओडब्लू, एसीबी के आवेदन पर कोर्ट ने राकेश को आठ दिन के लिए 19 सितंबर तक पूछताछ करने पुलिस रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। राकेश पर आरोप है कि उसने कई फर्जी कंपनियां बनाकर करोड़ों रुपए की अवैध कोल वसूली की। राकेश जैन पेशे से सीए है। राकेश जैन पर आरोप है कि उसने कोल की अवैध उगाही को हवाला के माध्यम से कोल घोटाला में शामिल अन्य आरोपियों तक पहुंचाने का काम किया। राकेश पर आरोप है, कोल की वसूली रकम घोटाले के मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी तक पहुंचाने का काम किया है।





### राजधानी के तीन थाना क्षेत्र में अपराध दर्ज

राकेश जैन के खिलाफ टिकरापारा, कोतवाली तथा मौदहापारा थाना में शेयर बाजार में 10 प्रतिशत से 10 गुना ज्यादा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर कई पीड़ितों ने करोड़ों की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिन लोगों ने राकेश के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है, उनमें एक महिला डॉक्टर ने 92.45 लाख रुपए ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। इसी तरह कोतवाली के एक कारोबारी ने 1.10 करोड़ रुपए ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

### लोगों के आधार पैन लेकर बैंक को चूना लगाया

राकेश जैन के खिलाफ आरोप है कि उसने अलग—अलग लोगों के पैन तथा आधार कार्ड हासिल कर पांच अलग-अलग बैंक से करोड़ों रुपए का लोन हासिल कर बैंक को चूना लगाया और फरार हो गया। लोगों को प्रभावित करने के लिए राकेश विग लगाकर स्मार्ट लुक बनाकर घूमता था तथा बड़ी पार्टियों में जाकर खुद को शेयर मार्केट एक्सपर्ट बताता था।

### शराब घोटाले की रकम को पक्के में बदलने का काम

ईओडबलू, एसीबी की जांच में यह बात सामने आई है कि राकेश जैन ने शराब घोटाले की रकम को पक्के में बदलकर अनवर ढेबर तक पहुंचाने का काम किया है। इसके लिए उसने एंट्री और फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया। राकेश जैन ने शराब घोटाले की रकम को अपनी फर्जी कंपनी में एंट्री दर्शाकर अनवर ढेबर तक पहुंचाने का काम किया है।

### साले के नाम पर दर्जनभर कंपनी

ठगी तथा घोटाले के आरोपी के खिलाफ अपने साले, अपने यहां काम करने वाले कर्मचारियों तथा परिचितों के नाम पर एक दर्जन से ज्यादा फर्जी कंपनी बनाने का आरोप है। इसके जरिए यह सभी अवैध काम किए गए। राकेश से पूछताछ में नए तथ्य सामने आने की उम्मीद ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसरों को है।

### मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा ने किया जारी

## धोखाधड़ी के मामले में कारोबारी दीपक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरबा


प्रदेश पुलिस बल में पदस्थ एक महिला डीएसपी पर ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज आरोप लगाने वाले कारोबारी के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश पुलिस बल मे पदस्थ डीएसपी कल्पना वर्मा पर गंभीर आरोप लगाकर सुर्खियों में आए कारोबारी अंबेडकर टंडन ऊर्फ दीपक टंडन कानूनी दायरे में आ गया है। जानकारी के अनुसार दीपक टंडन के खिलाफ वर्ष 2020 में दीपका निवासी महेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने थाने में शिकायत की थी कि उसके साथ दीपक टंडन ने लगभग 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। इस मामले में पुलिस ने दीपक टंडन के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की कोर्ट ने दीपक टंडन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। पूर्व में न्यायालय में पेश होने दीपक को नोटिस भी भेजा गया था, लेकिन निर्धारित तारीख पर अनुपस्थित रहा। जांच में सहयोग न करने के कारण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा ने दीपक टंडन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश किया है ।



- वर्ष 2020 में दीपका पुलिस ने दर्ज किया था धोखाधड़ी का मामला
- कोर्ट में अनुपस्थित जांच में भी नहीं कर रहा सहयोग


### जैव विविधता संरक्षण और जल-संरक्षण प्रयासों को मिली वैश्विक मान्यता: सीएम साय

## कोपरा जलाशय को राज्य का पहला रामसर साइट घोषित किया जाना छग के लिए गर्व का क्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि बिलासपुर जिले के कोपरा जलाशय को छत्तीसगढ़ का पहला रामसर साइट घोषित किया जाना पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है। यह उपलब्धि राज्य की समृद्ध जैवविविधता, विविध पक्षी आवासों और सतत जल-संरक्षण प्रयासों को मिली वैश्विक मान्यता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए राज्य वेटलैंड प्राधिकरण, पर्यावरण विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और स्थानीय समुदायों के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित सहयोग से कोपरा जलाशय अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतर सका और छत्तीसगढ़ को यह ऐतिहासिक पहचान प्राप्त हुई। कोपरा जलाशय को रामसर दर्जा मिलना "छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047" के अंतर्गत वर्ष 2030 तक प्रदेश के 20 वेटलैंड्स को रामसर साइट घोषित कराने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरक प्रगति है।



### प्रकृति की रक्षा सामूहिक जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस अमूल्य प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा, संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है, और इसी सहभागिता से छत्तीसगढ़ सतत विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### प्रदेश में इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा

सीएम साय ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य की पर्यावरण-संरक्षण नीति और दीर्घकालिक दृष्टि को भी सुदृढ़ करती है। इस वैश्विक मान्यता से प्रदेश में इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही, यह वेटलैंड संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता को भी और अधिक मजबूत करेगा तथा भावी पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

### नागपुर स्टेशन में दूसरे यात्री से था खरीदा

## फर्जी ई टिकट से रेलयात्रा करते पकड़ा गया यात्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

अहमदाबाद एक्सप्रेस में टिकिट चेकिंग के दौरान एक यात्री को फर्जी ई-टिकिट के साथ सफर करते हुए पकड़ा गया है। जिसे यात्री ने स्टेशन में किसी दूसरे व्यक्ति से खरीदा था। यात्री के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई है। गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद से नागपुर, रायपुर, बिलासपुर होकर हावड़ा जाने वाली अहमदाबाद एक्सप्रेस में टीटीई इंद्रजीत ने दो यात्रियों को एक ही सीट पर दावा किए जाने की शिकायत पर जांच की तो मामला संदेहास्पद निकला। तत्काल सतर्कता बरतते हुए इंद्रजीत ने दोनों टिकिट को एचएचटी उपकरण से स्कैन कर सत्यापित किया, जिसमें एक टिकिट वास्तविक और दूसरा निष्क्रिय पीएनआर के आधार पर तैयार किया गया फर्जी ई-टिकिट निकला। पयात्री ने बताया कि उसने नागपुर रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति से टिकिट लिया था। वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने सभी टीटीई और वाणिज्य कर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने निर्देश जारी किया है।

# नांदघाट सोसाइटी में आगजनी 22 लाख के बारदाने हुए खाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नांदघाट

### 75 हजार में से 28500 बोरे जले



सेवा सहकारी समिति नांदघाट में धान खरीदी के लिए आया हुआ बारदाना जल कर राख हो गया है। इस वर्ष बारदानों की समस्या न हो खरीदी निर्बाध हो सोच कर एडवांस में ही 75000 बोरियां डंप कर दिया गया था। आज अचानक दोपहर 3:30 को आग लगने से लगभग 28500 नग बोरी जल गया। जब तक हमाल कर्मचारी मिलकर ओ तब तक बहुत बड़ी मात्रा में जूट की बोरियां जल कर राख हो गयी है। आग से लगभग 25 -26 लाख रुपये की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंप बोरे के छल्ली में पीछे से आग लगी थी। जो थाना कंपाऊंड से लगा हुना है। इस वर्ष खरीदी के लिए आये 75000 बोरीयों में से 33422 बोरियां उपयोग किया जा चुका था। अत्यंत जवलनशील जूट की बोरियां थोड़ी ही देर में धधक उठी। हमाल से लेकर किसान कर्मचारी, दो दो पंप चला तब कहीं जाकर दो घंटे की कड़ी मेहनत से आग में काबू पाया गया और जलते आग की लपटों के बीच से ही लगभग तेरह हजार बोरियों को जलने से बचा लिया गया है। समिति अध्यक्ष मनीष जयसवाल ने आगजनी से तत्काल जूझने वाले किसानों कर्मियों की सराहना की।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास से मिली खेल नगरी राजनांदगांव को बड़ी सौगात

# साढ़े 9 करोड़ की लागत से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ बदलने खर्च होंगे 6 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजनांदगांव

खेलनगरी के नाम से प्रख्यात राजनांदगांव को बड़ी सौगात मिली है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास से राजनांदगांव में खेल की दिशा में लगभग साढ़े पंद्रह करोड़ रुपए खर्च होने जा रहे हैं। इनमें 9 करोड़ की लागत से नवागांव में सिंथेटिक ट्रैक, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ बदलने के लिए लगभग छह करोड़ और उसी परिसर में लॉन टेनिस कोर्ट के सुधार के लिए पचास लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इन सभी काम के लिए बजट को लेकर प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल गई है।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ बदलने की मांग पिछले पांच से छह सालों से लगातार की जा रही थी।



टर्फ की दयनीय स्थिति के चलते यहां होने वाली अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता पर भी असर देखने को मिल रहा था। देशभर से आने वाले नामी खिलाड़ी टर्फ की खराब स्थिति को देखकर खेलने से बचते नजर आ रहे थे, लेकिन अब टर्फ बदले जाने के बाद प्रतियोगिता की भी रौनक बढ़ जाएगी। वहीं सिंथेटिक ट्रैक की मांग भी लंबे समय से की जा रही थी।

### खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात



राजनांदगांव के जनप्रतिनिधि के रूप में इस महत्वपूर्ण स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरूण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। यह स्वीकृति हमारे युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने, उनके कौशल को निखारने तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु मजबूत मंच प्रदान करने में सहायक होगी।

- **डॉ. रमन सिंह**, विस अध्यक्ष

### सुविधाओं का होगा विस्तार



विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास से संस्कारधानी को मिली इस सौगात का सीधा फायदा शहर के खिलाड़ी एवं खेल से जुड़े लोगों को होगा। एस्ट्रोटर्फ बदलने से हॉकी खिलाड़ियों को बेहतर मैदान खेलने के लिए मिलेगा। वहीं सिंथेटिक ट्रैक बनने के बाद एथलेटिक से जुड़े लोगों को अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिल पाएगी। इस सौगात के लिए सीएम विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करता हूं।

- **मधुसूदन यादव**, महापौर





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025


# भरोसा जीतना बड़ी चुनौती थी, हमने वादे पूरे किए और जनता का विश्वास हासिल किया

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की विष्णु सरकार आज दो साल का कार्यकाल पूरा कर लेगी। इन दो सालों में सरकार ने घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने पर फोकस किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कांग्रेस की पिछली सरकार ने जनता का भरोसा खो दिया था। ऐसे समय में जब 2023 में जनता ने हमें सत्ता सौंपने का काम किया तो हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता का भरोसा जीतना था। हमने घोषणा पत्र में किए गए सभी वादे पूरे किए और जनता का विश्वास हासिल किया। आज लोगों को यह भरोसा है कि हम जो भी वादे उनसे करते हैं उसे पूरा भी करते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की बातचीत प्रस्तुत है।



■ *मुख्यमंत्री के रूप में दो साल पूरा करना कैसा लग रहा है?*

■ अच्छा लगा रहा है। 13 दिसंबर 2023 को हम लोगों से शपथ ली थी। दो साल पूरे हो गए हैं। सबसे पहले मैं छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता को नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद मिला। जनता ने भाजपा की रीति-नीति पर भरोसा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादों और गारंटी पर विश्वास किया। बड़ी चुनौती थी हमारे सामने। पिछली सरकार ने जनता का विश्वास खोया था। क्योंकि उनके कार्यकाल में प्रदेश पूरी तरह से अपराधगढ़ बन गया था। भ्रष्टाचार भी बहुत हुआ था। ऐसे में हमारी सरकार बनी तो सबसे बड़ी चुनौती जनता का विश्वास हासिल करना था। मैं समझता हूं कि हमने जनता का पूरा विश्वास प्राप्त किया है। मोदी की गारंटी में कई वादे थे। कांग्रेस की सरकार में ग्रामीण क्षेत्र के लोग प्रधानमंत्री आवास से वंचित हो गए थे। हमारे प्रधानमंत्री ने वादा भी किया था। हमारी सरकार बनेगी तो मुख्यमंत्री का पहला काम होगा, गरीबों का आवास मंजूर करना। हमारी सरकार बनने के बाद हमने पहला काम प्रधानमंत्री के वादे के मुताबिक किया और 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों को मंजूरी देने का काम किया गया। अब तक लाखों लोगों ने अपने नए घर में गृह प्रवेश किया है। प्रधानमंत्री ने एक बार बिलासपुर में तीन लाख का गृह प्रवेश करवाया। इसके बाद पंचायत मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 51 हजार का और फिर राज्य के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार लाख लोगों का गृह प्रवेश करवाया था।

■ ***पैसों का जुगाड़ कहां से हो रहा है, महतारी वंदन में पैसे दे रहे हैं, लगातार चावल बांटने का भी काम हो रहा है?***

■ छत्तीसगढ़ काफी समृद्ध प्रदेश है, पिछली सरकार में काफी लीकेज थे, हमने अपनी सरकार में पारदर्शिता लाने का काम किया। जो पिछली सरकार के लीकेज थे, उनको बंद किया। जो काम ऑफलाइन किए गए थे, उनको ऑनलाइन किया। आबकारी में राजस्व का इजाफा हुआ। इसी के साथ जीएसटी, माइनिंग में भी राजस्व बढ़ा है। इससे हम पैसों का इंतजाम कर पाए हैं।

■ ***प्रधानमंत्री यहां आ रहे हैं, राष्ट्रपति यहां आ रहीं हैं। अमित शाह का तो लगता है कि यह गुजरात के बाद दूसरा अपना घर है, आखिर ये कैसे संभव हो रहा है?***

■ प्रधानमंत्री, गृह मंत्री के साथ सभी केंद्रीय मंत्रियों का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ को मिलता है। छत्तीसगढ़ का निर्माण करने का काम हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किया है। इसको बढ़ाने का काम भी हमारा है। दो साल में हम जब भी अपने प्रदेश की समस्या को लेकर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और अन्य मंत्रियों के पास गए तो सभी ने हमारी समस्याओं ▶▶| शेष पेज 5 पर

---

### नक्सलियों ने एके-47, एसएलआर, स्टेन गन, तथा बीजीएल लांचर जमा किए

# 10 हथियारबंद नक्सलियों ने छोड़ी हिंसा बस्तर में अब तक 1500 से ज्यादा समर्पण

सुकमा जिला मुख्यालय में शुक्रवार को 10 माओवादियों ने सरेंडर किया, जिनमें 6 महिला माओवादी शामिल थे। जिन पर कुल 33 लाख का ईनाम घोषित है। उन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इन आत्मसमर्पित कैडरों ने 1 एके-47, 2 एसएलआर राइफलें, 1 स्टेन गन, 1 बीजीएल लांचर सुरक्षा बलों के समक्ष जमा किए। इन हथियारों को जमा करने पर 8 लाख का ईनाम घोषित था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन, स्थायी शांति और सकारात्मक बदलाव की दिशा में यह एक और महत्त्वपूर्ण कदम है। समर्पण करने वालों में पीएलजीए बटालियन नंबर 1 के प्लाटून कमांडर, दरभा डिविजन के 2 एरिया कमेटी सदस्य, पीएलजीए मिलिट्री प्लाटून नंबर 31 के 1 सदस्य, पीएलजीए मिलिट्री प्लाटून नंबर 26 के 1 सदस्य, गोल्लापल्ली एलओएस के 2 सदस्य, 3 पार्टी सदस्य ने मुख्यधारा में जुड़कर शांति और विकास का मार्ग अपनाने का निर्णय लिया।

पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण ने कहा कि 33 लाख के 10 सक्रिय माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है। इस तरह 2025 में जिले में कुल 263 माओवादी कैडर हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। यह आंकड़ा बताता है कि क्षेत्र में विश्वास, शांति और विकास की प्रक्रिया गति पकड़ रही है।




### इन्होंने किया सरेंडर

इनमें कुकानार निवासी 5 लाख का ईनामी एसीएम गंगा कुंजाम ने एके 47 के साथ, बड़े गुटुम पामेड़ निवासी 5 लाख का ईनामी लेकाम रामा दरभा डिविजन पीपीसीएम ने स्टेन गन के साथ, अरनपुर निवासी 5 लाख का ईनामी ताती सोनी एसएलआर के साथ, फुलपाड़ नकुलनार निवासी 5 लाख का ईनामी शांति सोढ़ी ने एसआरआर के साथ, बड़े सट्टी फुलबगड़ी निवासी 1 लाख ईनामी माड़वी नवीन ने बीजीएल लांचर के साथ, पारलागट्टा जगरगुंडा निवासी 8 लाख ईनामी मिड़ियम भीमा, चिंतागुफा निवासी 1 लाख ▶▶| शेष पेज 5 पर

### ■ 11 महीनों में 1514 नक्सली मुख्यधारा में जुड़े

पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पत्तिलिंगम ने कहा कि जिला सुकमा में 10 माओवादी कैडरों का पुनर्वास यह दर्शाता है कि हिंसक और जनविरोधी माओवादी विचारधारा का अंत अब निकट है। लोग पूना मारगेम पर भरोसा जताते हुए शांति, गरिमा और स्थायी प्रगति का मार्ग चून रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन, भारत ▶▶| शेष पेज 5 पर

### ■ सरेंडर के अलावा कोई विकल्प नहीं

आईजी ने कहा शेष माओवादी कैडर जिनमें पोलित ब्यूरो सदस्य देवजी, डीकेएसजेडसी सदस्य पाप्पा राव, देवा तथा अन्य के पास हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। पुनर्वास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय समाज, कलेक्टर देवेश ध्रुव , उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ ▶▶| शेष पेज 5 पर

### नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प हो रहा साकार: साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा जिले में "पूना मारगेम– पुनर्वास से पुनर्जीवन कार्यक्रम के तहत दरभा डिवीजन कमेटी सहित विभिन्न नक्सली संगठनों से जुड़े 10 माओवादी कैडरों के आत्मसमर्पण को ऐतिहासिक और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प अब केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि तेजी से साकार होती वास्तविकता बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई अब अपने निर्णायक मोड़ पर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि बस्तर में अब हिंसा, भय और भटकाव की विचारधारा कमजोर पड़ रही है, जबकि विकास, विश्वास और संवाद की राह ▶▶| शेष पेज 5 पर

---

# वाह रे रविवि...! पर्चा कंप्यूटर साइंस का लेकिन सवाल एआई के, विरोध पर एक घंटे बंधक बने रहे छात्र


हरिभूमि एक्सक्लूसिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि परीक्षा कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर इस कदर मेहरबान हो गया है कि पिछले वर्ष हुई रिकॉर्ड गड़बड़ियों के बाद इस साल फिर वही सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को बीएससी (सीएस ब्रांच) प्रथम सेमेस्टर की कंप्यूटर साइंस की परीक्षा थी। सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई परीक्षा में शामिल होने छात्र 7.30 बजे केंद्र पहुंचकर अपने सीट पर बैठ गए। 8 बजे जब केंद्रों में पेपर बंटे तो छात्रों के होश उड़ गए। प्रश्नपत्र के शीर्षक में तो कंप्यूटर साइंस ही लिखा हुआ था, लेकिन अंदर के सारे सवाल एआई विषय के थे। एक भी प्रश्न सिलेबस से नहीं होने पर घबराए छात्रों ने परीक्षा कक्ष में ड्यूटी में तैनात प्राध्यापकों से संपर्क किया। केंद्राध्यक्ष और प्राचार्यों ने इसके बाद रविवि में संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया।

इस दौरान परीक्षा कक्ष में बैठे छात्र विरोधस्वरूप सेंटर छोड़कर जाने लगे। इस पर रविवि द्वारा आदेश दिया गया कि किसी भी तरह छात्रों को एक घंटे तक बैठाकर रखा जाए। विभिन्न परीक्षा केंद्र से प्राप्त शिकायतों के ▶▶| शेष पेज 5 पर

### मामला बीएससी सीएस प्रथम सेमेस्टर का, 2 हजार छात्र हुए थे शामिल


J-2242
B.Sc. (First Semester)
Examination, Dec.-Jan., 2025-26
COMPUTER SCIENCE
(Computer Fundamental and Operating System)
Time Allowed : Three Hours
Maximum Marks : 70
(Section-A)
(Objective/Multiple Choice Questions)

### *प्रश्न भी पीजी के*

*बीएससी के सिलेबस में एक विषय एआई भी है, लेकिन यह इलेक्टिव सब्जेक्ट (वह वैकल्पिक विषय जिसका चयन छात्र अपनी इच्छानुसार करते हैं) है। इसकी परीक्षा जनवरी में होनी है। छात्रों को कंप्यूटर साइंस के शीर्षक में एआई के जो सवाल पूछे गए वो बीएससी के ना होकर एमएससी के हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि रविवि द्वारा विशेषज्ञों की जिस टीम को प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी, उनके द्वारा सौंपे गए प्रश्नपत्रों की मॉनिटरिंग उचित तरह से ना होने के कारण यह गंभीर त्रुटि हुई है। पूरे मामले में रविवि का पक्ष जानने के लिए परीक्षा नियंत्रक नरेंद्र वर्मा सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।*

### *विवि को सूचना*

*प्रश्नपत्र बांटते ही छात्रों ने हंगामा प्रारंभ कर दिया था। हमने तत्काल ही विवि को सूचना दे दी थी। पेपर दोबारा होने की बात कही गई है।*

*- प्रो.देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत कॉलेज*

---

## खबर संक्षेप

### पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन राष्ट्रपति पीएम ने दी श्रृद्धांजलि

**लातूर।** कांग्रेस के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को लातूर में 90 साल की उम्र में सुबह करीब 6:30 बजे निधन हो गया।



शिवराज पाटिल ने अपने लंबे राजनीतिक करियर में कई अहम पद संभाला, जिसमें लोकसभा स्पीकर और केंद्रीय कैबिनेट में कई अहम पद शामिल हैं। पाटिल ने लातूर लोकसभा सीट से सात बार जीत हासिल की। पाटिल के निधन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने श्रृद्धांजलि अर्पित की। शिवराज पाटिल का जन्म 12 अक्टूबर 1935 को लातूर जिले के चाकुर में हुआ था। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पहले आयुर्वेद का अभ्यास किया।

### एसबीआई ने 0.25 प्रतिशत घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इससे मौजूदा और नए कर्जधारकों के लिए ऋण सस्ता हो गया है। इस कटौती के साथ, एसबीआई की बाह्य मानक आधारित ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटकर 7.90 प्रतिशत हो जाएगी। एसबीआई ने कहा कि संशोधित दरें 15 दिसंबर, 2025 से प्रभावी होंगी। रिजर्व बैंक के इस महीने नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बाद बैंक ने यह कदम उठाया है।

---

### ईडी ने जब्त किए दस्तावेज

# कफ सिरप मामले में देशभर में ईडी के छापे, 1000 करोड़ से ज्यादा का लगा अवैध पैसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कफ सिरप मामले में प्रवर्तन निदेशाल की टीम पूरे देश में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। छापेमारी लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर, रांची और अहमदाबाद में चल रही है। अधिकारियों के मुताबिक ये छापे पिछले दो महीनों में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में दर्ज 30 से ज्यादा एफआईआर के आधार पर है। ये एफआईआर कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध स्टॉकिंग, ट्रांसपोर्टेशन, ट्रेडिंग और ▶▶| शेष पेज 5 पर

### 1000 करोड़ के ज्यादा का अवैध पैसा शामिल

जांच में अब तक सामने आया है कि इस पूरे रैकेट में हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का अवैध पैसा शामिल है। इस मामले का मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल अब भी फरार है। माना जा रहा है कि वह दुबई में छिपा हुआ है। वहीं, उसका पिता भोला प्रसाद गिरफ्तार किया जा चुका है।

---

### विमानतल पर मुख्यमंत्री साय और अन्य मंत्रियों ने किया स्वागत

# अमित शाह पहुंचे, आज जाएंगे बस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 11 दिनों बाद एक बार फिर शुक्रवार की रात को 9 बजे रायपुर पहुंचे। विमानतल पर उनका मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव सहित प्रदेश के मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। विमानतल से सीधे श्री शाह होटल मेयफेयर पहुंचे। यहां पर वे रात को विश्राम करेंगे। शनिवार का बस्तर जाने का कार्यक्रम है। इसके पहले सुबह को 11 बजे से एक बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है। इस समय में वे प्रदेश सरकार और अधिकारियों के साथ नक्सल मुद्दे पर बैठक कर सकते हैं।



अमित शाह कार्यक्रम के मुताबिक अंडमान निकोबार से बीएसएफ के विशेष विमान से रायपुर पहुंचे। उनका इस बार का दौरा विशेष रूप से बस्तर ओलंपिक का समापन करने के लिए हैं। श्री शाह शनिवार को यहां पर सुबह 11 बजे से लेकर एक बजे तक नक्सल मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। वैसे इसका खुलासा ▶▶| शेष पेज 5 पर

### बस्तर ओलंपिक का करेंगे समापन

श्री शाह दोपहर को 1.50 बजे बीएसएफ के विशेष विमान से यहां से जगदलपुर के लिए रवाना होंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव भी ▶▶| शेष पेज 5 पर

---

### भूकंप के खतरों को कम करने वाली याचिका खारिज करते हुए की टिप्पणी

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- क्या सबको चांद पर भेज दें?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर में भूकंप से जुड़े खतरों को कम करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला सरकार की नीति से जुड़ा है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा तो क्या हम सबको चांद पर भेज दें। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि पहले सिर्फ दिल्ली को उच्च भूकंप का हाई-रिस्क ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पहले हमें भारत में ज्वालामुखी लाने होंगे : जस्टिस नाथ

इसके जवाब में जस्टिस नाथ ने कहा "तो क्या हम सबको चांद पर भेज दें?" वहीं जब याचिकाकर्ता ने जापान में आए हालिया भूकंप का हवाला दिया, तो कोर्ट ने कहा कि पहले हमें भारत में ज्वालामुखी लाने होंगे, तभी जापान से तुलना हो सकती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार को ▶▶| शेष पेज 5 पर



### अखबार की खबरें, सबूत नहीं मानते : कोर्ट

याचिकाकर्ता: मेरे पास नए तथ्य हैं, और कई अखबारों ने भी इस पर रिपोर्ट की है। जस्टिस मेहता: ये अखबार की खबरें हैं। इन्हें हम सबूत नहीं मानते। जस्टिस नाथ: जहां नीति बनानी है, वह सरकार का काम है, हमारा नहीं। कोर्ट का आदेश: याचिका खारिज। भूकंप सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी सरकार की है।

### सुनवाई के दौरान कोर्ट ने किए अहम सवाल

जस्टिस विक्रम नाथ: आपकी मांग तो बहुत बड़ी है। क्या हम सबको चांद पर भेज दें? याचिकाकर्ता: देश की 75% आबादी अब भूकंप के हाई-रिस्क जोन में है। सरकार को तैयारी करनी चाहिए। जस्टिस नाथ: जापान से तुलना करने से पहले हमें भारत में ▶▶| शेष पेज 5 पर



# ऑनलाइन की बजाय फिजिकली होगा अकाउंट होल्डर्स का वेरिफिकेशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर के बैंकों ने एक बड़ा फैसला किया है, जिसके तहत वेरिफिकेशन का नियम बदला गया है। नए फैसले के अनुसार, अब बैंक अकाउंट होल्डर्स की वेरिफिकेशन ऑनलाइन की बजाय बैंक में फिजिकली होगी, यानी अब ऑनलाइन अप्लाई करके बैंक खुलवाने वालों को भी बैंक में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन करानी होगी या रिलेशनशिप मैनेजर खाताधारक को बैंक बुलाकर वेरिफिकेशन करेंगे या खाताधारक के घर जाकर वेरिफिकेशन करेंगे।

### डिजिटल बैंकिंग सिस्टम पर असर

बैंकों ने अकाउंट होल्डर की आइडेंटिटी चोरी होने और फर्जी खाते खोलने के बढ़ते मामलों को देखते हुए वेरिफिकेशन का नियम बदला है। ऑनलाइन से फिजिकल वेरिफिकेशन का नियम लागू होने से डिजिटल बैंकिंग सिस्टम पर असर पड़ेगा, लेकिन फर्जी खातों और धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के चलते डिजिटलाइजेशन से थोड़ा पीछे हटना ही पड़ेगा। अब आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा आदि ने डिजिटलाइजेशन पर लगाम लगा दी है।

### देशभर के बैंकों का बड़ा फैसला, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाने के लिए बदला नियम

बता दें कि बैंकों ने अब अपने ग्राहकों से दस्तावेज जमा कराने और वेरिफिकेशन कराने के लिए बैंक की नजदीकी ब्रांच में जाने को कहना शुरू कर दिया है। बैंक अधिकारियों को भी ग्राहकों के पास वेरिफिकेशन करने के लिए भेजा जा रहा है। अगर बैंकों ने अकाउंट खोलते समय अपने ग्राहक को जानें (केवायसी) प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया तो बैंकों पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

**बैंकों ने फॉलो करना शुरू किया नया नियम**

आईसीआईसीआई बैंक ने इंस्टा-अकाउंट खोलने की सर्विस पूरी तरह बंद कर दी है। केवल सैलरी अकाउंट ही ऑनलाइन खोले जाते हैं, बाकी खातों के लिए बैंक अधिकारी ग्राहक के घर जाकर अकाउंट खोलता है।

### देश में बढ़े हैं अकाउंट होल्डर की आइडेंटिटी चोरी होने और फर्जी खाते खोलने के मामले




### साल 2024 में फर्जी खातों के आए कई मामले


आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा , बैंक ऑफ इंडिया और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के फर्जी खाते खुलने के कई मामले साल 2024 में सामने आए। इन खातों में धोखाधड़ी करके पैसा ट्रांसफर किया गया। धोखाधड़ी चलते इन बैंकों ने ऑनलाइन अकाउंट ओपनिंग सर्विस के नियम कड़े कर दिए। बैंक शाखाओं को निर्देश मिला है कि वे अपने दायरे में आने वाले इलाके में ही बैंक खाते खोलें. अन्य इलाकों के खाते खोलने के लिए वहां की संबंधित ब्रांच ही खोले. अभी तक बैंक बचत और चालू खाते ही टागरेट के तौर पर खोलते रहे हैं, लेकिन डिजिटल बैंकिंग से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों के कारण बचत खाता खोलने पर भी वेरिफिकेशन करना अनिवार्य हो गया है।

### ऑनलाइन फ्रॉड के प्रमुख तरीके

- फ़िशिंग : धोखेबाज बैंक, सरकारी संस्था या किसी जानी-मानी कंपनी बनकर आपको नकली ईमेल या एसएमएस भेजते हैं, जिसमें किसी लिंक पर क्लिक करने या जानकारी भरने के लिए कहा जाता है, जिससे वे आपकी डिटेल्स चुरा सकें
- पहचान की चोरी : आपकी व्यक्तिगत जानकारी (नाम, पता, जन्मतिथि, बैंक अकाउंट नंबर) चुराकर उसका गलत इस्तेमाल करना, जैसे आपके नाम पर लोन लेना या धोखाधड़ी वाले लेनदेन करना
- क्रेडिट/डेबिट कार्ड धोखाधड़ी : आपके कार्ड की जानकारी (नंबर, सीवीवी, एक्सपायरी डेट) का इस्तेमाल करके अवैध खरीदारी करना
- सिम स्वैप : आपके मोबाइल नंबर का डुप्लीकेट सिम बनवा लेना, ताकि आपके ओटीपी और एसएमएस उन्हें मिलें और वे बैंकिंग ऐप्स से पैसे निकाल सकें
- डिजिटल अरेस्ट : पुलिस या अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर डराकर पैसे ऐंठना
- नकली नौकरी या इनाम के ऑफर : आपको बड़ा इनाम या अच्छी नौकरी का लालच देकर एडवांस फीस मांगना

## खबर संक्षेप

### 6 गल्फ कंट्री में बैन हुई रणवीर की धुरंधर



**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर इंडियन बॉक्स ऑफिस में 200 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। फिल्म को भारत में काफी पसंद किया जा रहा है, हालांकि इस फिल्म को अब 6 गल्फ देशों में बैन कर दिया गया है। फिल्ममेकर्स की तमाम कोशिशों के बावजूद फिल्म की स्क्रीनिंग की परमिशन नहीं दी गई। हाल ही में आई बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म धुरंधर 6 गल्फ देशों बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में रिलीज नहीं होगी।

### जुबीन गर्ग केस, 3500 पेज की चार्जशीट दाखिल



**गुवाहाटी।** असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को गुवाहाटी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।वकीलों के मुताबिक चार्जशीट में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, सिद्धार्थ शर्मा, शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत पर जुबीन की हत्या का आरोप लगाया गया है। वहीं जुबीन गर्ग के चचेरे भाई और सस्पेंड पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है।

### घने कोहरे के कारण खाई में गिरी बस, 9 मृत, 23 घायल



**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के सीतारामराजू में तड़के एक भीषण बस हादसे में नौ यात्रियों की मौत हो गई और 23 लोग घायल हुए। बस चेंटूर-मरेडुमिल्ली घाट रोड पर तेज धुंध के बीच मोड़ न दिखने से गहरी खाई में गिरकर पलट गई। घायल यात्रियों में चार की हालत गंभीर बताई गई है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख जताते हुए राहत कार्यों की निगरानी के निर्देश दिए हैं। आंध्र प्रदेश में तड़के अल्लूरी सीतारामराजू जिले के चेंटूर-मरेडुमिल्ली घाट मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया।

### करूर भगदड़ पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी, कहा- निष्पक्ष जांच होना जरूरी

# 'मद्रास हाईकोर्ट में कुछ गड़बड़' सुपरवाइजरी कमेटी में नहीं होगा तमिलनाडु का कोई व्यक्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करूर भगदड़ मामले में पहले दिए गए अपने निर्देश को बदलने से इनकार कर दिया। अदालत ने निर्देश दोहराते हुए कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी करने वाले सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्य तामिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे। मामले की सुनवाई जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने की। विजय की पार्टी टीवीके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लुथरा ने सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने कोई बदलाव नहीं किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस महेश्वरी ने कहा, 'हम चाहते हैं कि सब कुछ निष्पक्ष हो।' सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर के अपने फैसले को याद किया और बताया कि यह कमेटी जांच को पूरी तरह निष्पक्ष बनाने के लिए बनाई गई थी। कमेटी का नेतृत्व पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस अजय रस्तोगी करेंगे। उन्हें आदेश दिया गया कि वे दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी चुनें, जो तामिलनाडु कैडर से हो सकते हैं, लेकिन तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे।

*एक्टर विजय की पार्टी टीवीके ने जताई थी सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति*

*एक्टर की 27 सितंबर की रैली में गई थी 41 लोगों की जान*





**'मद्रास हाईकोर्ट में जो हो रहा, वह सही नहीं'**

करूर भगदड़ मामले में मद्रास हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की भेजी गई रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को टिप्पणी की कि उच्च न्यायालय में 'कुछ गड़बड़' है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और विजय बिश्नोई की पीठ ने सवाल उठाया कि चेन्नई स्थित हाई कोर्ट की प्रधान पीठ ने केवल राज्य पुलिस अधिकारियों वाली एसआईटी (विशेष जांच दल) के गठन का निर्देश कैसे दे दिया, जबकि करूर का इलाका मदुरै पीठ के अधिकार क्षेत्र में आता है। 13 अक्टूबर को सीबीआई जांच के लिए पारित अंतरिम आदेश में अदालत ने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से एक रिपोर्ट मांगी थी जिसमें यह बताया गया हो कि चेन्नई पीठ ने इस मामले को कैसे संभाला। रजिस्ट्रार जनरल की रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद गुरुवार को न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने टिप्पणी की, 'हाईकोर्ट में कुछ गड़बड़ चल रही है। हाईकोर्ट में जो हो रहा है वह सही नहीं है।'

### अल्पसंख्यक स्कूलों को छूट के खिलाफ याचिका, बिफरे कोर्ट ने ठोका 1 लाख का जुर्माना

*सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक रिट याचिका पर नाराजगी जताई। इस याचिका में कोर्ट के पुराने फैसले को चुनौती देने की मांग की गई थी। जिसमें अल्पसंख्यक स्कूलों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई अधिनियम) के प्रावधानों से छूट दी गई थी। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने इसे देश की न्यायपालिका को ध्वस्त करने का प्रयास माना। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'आप सुप्रीम कोर्ट के साथ ऐसा नहीं कर सकते। हम बेहद आक्रोशित हैं। अगर आप इस तरह के मामले दर्ज करना शुरू करते हैं, तो यह देश की पूरी न्यायपालिका प्रणाली के खिलाफ होगा। आपको अपने मामले की गंभीरता का अंदाजा नहीं है। हम 1 लाख रुपये का जुर्माना लगा रहे हैं। इस तरह के मामले दर्ज करके देश की न्यायपालिका को बदनाम न करें।' न्यायालय ने यह भी सवाल उठाया कि वकील शीर्ष अदालत के अपने ही फैसलों के खिलाफ इस तरह की याचिकाएं दायर करने की सलाह कैसे दे रहे थे। आप कानून के जानकार नागरिक हैं, पेशेवर हैं, और आप अनुच्छेद 32 के तहत इस न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर करते हैं? हम अवमानना जारी नहीं कर रहे हैं लेकिन हमें वकीलों पर जुर्माना लगाना होगा।'*

# सरकार ने माना राहुल का प्रस्ताव, संसद में होगा अब प्रदूषण पर मंथन


वायु प्रदूषण की चपेट में हैं राजधानी दिल्ली सहित कई प्रमुख शहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया है। राहुल गांधी ने राजधानी नई दिल्ली सहित कई प्रमुख शहरों के वायु प्रदूषण की चपेट में आने का विषय उठाया और कहा कि सरकार को संसद में विस्तृत चर्चा कराने के साथ इस समस्या से निपटने के लिए एक योजना सामने रखनी चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वह किसी तरह का विरोध करने नहीं, बल्कि सरकार का सहयोग करने आए हैं। राहुल गांधी ने केंद्र से पूछा कि आने वाले 45 वर्षों के लिए सरकार का रोडमैप क्या है। उन्होंने कहा कि क्या केंद्र सरकार इस योजना को संसद के पटल पर प्रस्तुत कर सकती है? उन्होंने कहा कि हमारे अधिकांश शहर इस समय जहरीली हवा की चपेट में आ चुके हैं।

### यह एक अहम मुद्दा

गांधी ने कहा कि यह बेहद जरूरी मुद्दा है और उन्हें पूरा विश्वास है कि केंद्र सरकार भी इस पर सहमति जताएगी। यह कोई वैचारिक मुद्दा नहीं है। सदन के सभी सदस्य इस बात से जरूर सहमत होंगे कि वायु प्रदूषण लोगों के लिए नुकसानदेह है और इससे निपटने के लिए सभी को साथ मिलकर कदम उठाने होंगे। प्रदूषण से निपटने के लिए ठोस समाधान निकालना बेहद जरूरी है।

### सरकार ने कहा- मिलकर निकालेंगे समाधान

*राहुल गांधी के प्रस्ताव पर संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए पूरी तरह तैयार है और लोकसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी इसके लिए समय आवंटित कर सकती है। रिजिजू ने स्पष्ट किया कि सरकार शुरू से ही विपक्ष के सुझावों को साथ लेकर सभी जरूरी मुद्दों पर चर्चा और समाधान निकालना चाहती है।*

**मणिपुर में सरकार बनाने की कवायद तेज**

# सभी 37 विधायकों को बीजेपी आलाकमान ने बुलाया दिल्ली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मणिपुर की राजनीति में एक बार फिर तेजी से बदलने के संकेत मिल रहे है। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी ने राज्य में स्थिर सरकार बनाने की कोशिशों को आगे बढ़ाने के लिए अपने सभी 37 विधायकों को 14 दिसंबर को नई दिल्ली बुलाया है। इस कदम को राज्य में लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक गतिरोध और राष्ट्रपति शासन की अवधि को खत्म करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि यह बैठक मणिपुर में सरकार गठन से संबंधित महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए है।

मणिपुर विधानसभा में बीजेपी के पास 60 सदस्यीय सदन में 37 विधायक हैं, जिससे वह विधानसभा में मजबूत स्थिति रखती है, लेकिन किसी भी सरकार के गठन के लिए अन्य सहयोगियों की भी भूमिका अहम मानी जाती है। पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने भी विधायकों को बुलाए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने संकेत दिया है कि मणिपुर में जल्द ही एक स्थिर सरकार का गठन हो सकता है। यह भी हो सकता है कि पार्टी सरकार बनाने को लेकर कोई प्रस्ताव पारित करे।

### हिंसा के चलते लागू है राष्ट्रपति शासन

राज्य में राजनीतिक अस्थिरता की पृष्ठभूमि में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मणिपुर में मई 2023 से मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा और राजनीतिक संकट के चलते राष्ट्रपति शासन लागू है। इस हिंसा में अब तक 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। पिछले साल फरवरी में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफ़ा सौंप दिया था। विधानसभा भी सस्पेंड ऐनिमेशन के तहत है और सरकार गठन की प्रक्रिया रुकी हुई थी। दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व के साथ विधायकों की यह बैठक संभावित गठबंधन पर बातचीत, मुख्यमंत्री पद के दावों तथा नीतिगत एजेंडों पर चर्चाओं का मंच हो सकती है। राजनीतिक गलियारों में यह कयास लगाया जा रहा है कि बैठक के बाद मणिपुर में जल्द ही सरकार गठन की प्रक्रिया देखने को मिल सकता है।

# पुतिन की मीटिंग में जबरन घुसे पाक पीएम

### रूसी राष्ट्रपति ने 40 मिनट कराया था इंतजार

एजेंसी ▶▶| अश्गाबात

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस समय तुर्कमेनिस्तान में हैं। वह यहां इंटरनेशनल फोरम ऑन पीस एंड ट्रस्ट में हिस्सा लेने पहुंचे थे। लेकिन वह यहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने की चाहत में वह अपनी भयंकर बेइज्जती करा बैठे। इंटरनेशल फोरम ऑन पीस एंड ट्रस्ट की बैठक में पुतिन, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी पहुंचे थे। शहबाज शरीफ और पुतिन की मीटिंग होनी थी। लेकिन पुतिन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को करीब 40 मिनट तक इंतजार कराया।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पुतिन का इंतजार करते शहबाज को देखा गया। इस दौरान शहबाज को काफी बेचैन देखा गया। लेकिन जब पुतिन मीटिंग के लिए नहीं पहुंचे तो शहबाज उस हॉल की तरफ गए जहां पुतिन और तुर्की राष्ट्रपति एर्दोगन की मीटिंग



चल रही थी। लेकिन वह 10 मिनट के भीतर ही उस हॉल से बाहर भी निकल आए। हालांकि, बाद में शहबाज शरीफ और पुतिन की मुलाकात भी हुई। बता दें कि तुर्कमेनिस्तान सेंट्रल एशिया का अहम देश है और वहां इस समय शांति और विश्वास को लेकर सम्मेलन आयोजित किया गया है।

### पहले भी हुई है बेइज्जती

शहबाज शरीफ की इस कदर बेइज्जती का यह कोई पहला मामला नही है। इस साल चीन के तियानजिन में एससीओ समिट के दौरान भी शहबाज की इसी तरह फजीहत हुई थी। शहबाज के सामने से राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी बातचीत करते हुए निकल गए। इस दौरान पुतिन ने शहबाज की तरफ देखा तक नहीं. तब भी शहबाज शरीफ चोर नजरों से उन्हें ठगा सा देखते कैमरे में कैद हुए थे।

### जांच की एक परत हटाई, अब 4 हफ्ते में मिल जाएगा बिजनेस वीजा

# भारत ने चीनी प्रोफेशनल्स के लिए आसान किए वीजा नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच रिश्ते एक बार फिर पटरी पर आ रहे हैं। भारत ने चीनी प्रोफेशनल्स के लिए बिजनेस वीजा प्रक्रिया को आसान और तेज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के कड़े टैरिफ के बीच चीन के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिशों के तहत यह बदलाव किया है। दरअसल, चीन के प्रोफेशनल्स के लिए आसानी करने के लिए भारत ने वीजा की जांच-पड़ताल की एक लेयर हटा दी है। इसी के साथ वीजा मंजूरी का समय घटाकर 1 महीने से कम कर दिया गया है। एक अफसर ने कहा, अब, वीजा से जुड़ी सभी समस्याएं पूरी तरह हल हो गई हैं, हमने प्रशासनिक जांच की एक अतिरिक्त परत हटा दी है और अब बिजनेस वीजा 4 हफ्तों के अंदर प्रोसेस कर रहे हैं।

### गलवान झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में आई थी दरार

रॉयटर्स ने इस आशय की रिपोर्ट भी जारी की है। इसके मुताबिक, भारत के विदेश, गृह और वाणिज्य मंत्रालय, साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मामले पर अभी कोई रिएक्शन नहीं दिया है। थिंक-टैंक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन का अनुमान है कि सख्त जांच की वजह से भारतीय इलेक्ट्रॉनिक निर्माण कंपनियों को 4 सालों में लगभग 15 अरब डॉलर के प्रोडक्शन का नुकसान हुआ है। ये कंपनियां मोबाइल फोन बनाने के लिए चीन से अहम मशीनरी आयात करती हैं, और वीजा में देरी से तकनीशियनों का आना प्रभावित होता था। लेकिन, अब जब तकनीशियन को वीजा जल्दी मिलेगा तब इससे तकनीशियन जल्दी आ सकेंगे।

**भारतीय कंपनियों को हो रहा तगड़ा नुकसान**





### भारत को होगा इससे लाभ

रॉयटर्स ने पिछले साल रिपोर्ट की थी कि चीनी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां, जैसे शिओमी को वीजा हासिल करने में संघर्ष करना पड़ता था। जबकि सौर ऊर्जा उद्योग भी कुशल श्रमिकों की कमी से जूझता रहा। लेकिन, अब इस वीजा नियम में बदलाव के बाद इन क्षेत्रों में श्रमिकों को ढूंढना आसान हो जाएगा।

### चीन-भारत के रिश्तों में आया था तनाव

2020 में हिमालयी सीमा गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत और चीन के बीच रिश्तों में दरार पैदा हो गई थी। इसके बाद भारत ने लगभग सभी चीनी यात्राओं पर रोक लगा दी थी। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस साल की चीन की यात्रा के बाद रिश्ते पटरी पर आए हैं। 2020 के बाद पहली बार दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू हो गईं और अब यह नई पहल हो रही है।

# संसद परिसर में पार्टी बैठक तीसरी बार नहीं पहुंचे थरूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने निचले सदन के कांग्रेस सदस्यों के साथ शुक्रवार को बैठक की। राहुल गांधी ने कांग्रेस के लोकसभा सदस्यों के साथ संसद भवन परिसर में यह बैठक की, जिसमें पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल को श्रद्धांजलि भी दी गई। इस मीटिंग में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर अनुपस्थित रहे। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस लोकसभा सांसदों की बैठक में शामिल नहीं हुए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, थरूर ने अपनी अनुपलब्धता के बारे में पार्टी को पहले ही सूचित कर दिया था। एक अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता और चंडीगढ़ सांसद मनीष तिवारी भी बैठक में अनुपस्थित रहे।

### थरूर की सफाई

अपनी अनुपस्थिति के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए लोकसभा सांसद ने कहा, 'मैंने बैठक नहीं छोड़ी; मैं केरल से आ रहा था और हवाई जहाज में था।'सोनिया गांधी की अध्यक्षता में आयोजित शीतकालीन सत्र के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा करने वाली बैठक में थरूर की अनुपस्थिति ने राजनीतिक हलकों में ध्यान आकर्षित किया था।

रायपुर
शनिवार 13 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 24, अंक : 145
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.2
न्यून. 12.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# संसद की तरह छग विधानसभा में भी गूंजेगा वंदे मातरम, शीत सत्र का समय बढ़ेगा, अब 19 तक!

रविवार 14 दिसंबर से 17 तक सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र पहली बार रविवार 14 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है, लेकिन खास बात ये है कि इस सत्र के दौरान सदन में वंदेमातरम पर भी चर्चा होगी। इसके लिए विधानसभा का सत्र जो 17 तारीख को समाप्त हो रहा था, अब 18 दिसंबर के अवकाश के बाद 19 तारीख तक चलेगा, ऐसा बताया जा रहा है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को यह जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव ही वंदेमातरम पर चर्चा के लिए किया गया है। हाल के वर्षों में संभवतया यह पहला अवसर है जब शीतकालीन सत्र की अवधि एक दिन के लिए बढ़ाई गई है। राज्य के लिए विधानसभा का यह सत्र पहले ही इसलिए गौरवशाली होने वाला है कि नवा रायपुर में नवनिर्मित विधानसभा भवन में पहली बार एक संपूर्ण सत्र की शुरुआत के साथ यह सदन शुरू होने वाला है। राज्य स्थापना वर्ष के मौके पर नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए विधानसभा भवन का लोकार्पण किया था।

अलग खबर

- नवनिर्मित विस भवन में पहली बार एक संपूर्ण सत्र की शुरुआत
- अब 18 के अवकाश के बाद 19 को समापन संभव




## संसद की तरह यहां भी वंदेमातरम पर चर्चा

*खास बात ये है कि शीतकालीन सत्र में एक दिन की अवधि बढ़ाकर एक दिन की विशेष बैठक वंदेमातरम पर रखी गई है। इससे पहले संसद में यह कार्यक्रम इसलिए किया गया था, क्योंकि वंदेमातरम की रचना के 150 साल पूरे हुए हैं। 1870 के दशक में लिखे गए इस गीत के 150 साल पूरे होने के अवसर पर सरकार ने इसे श्रद्धांजलि देने और इसके ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालने के लिए चर्चा का प्रस्ताव रखा। स्वतंत्रता संग्राम में भूमिकाः सरकार ने इसे राष्ट्र के स्वतंत्रता आंदोलन का एक शक्तिशाली प्रतीक बताया, जिसने हर भारतीय को प्रेरित किया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का आधार बना। इस कार्यक्रम को लेकर सियासत भी तेज हुई थी। संसद में विपक्षी कांग्रेस ने इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप किए थे, लेकिन इधर छत्तीसगढ़ में यही चर्चा होने से माना जा रहा है कि विधानसभा में सियासी आरोप-प्रत्यारोप से गरमाएगी।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### डीजीसीए ने चार एफओआई को किया बर्खास्त

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के उड़ान रद्द संकट पर डीजीसीए ने सख्त कदम उठाते हुए चार उड़ान परिचालन निरीक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। इनमें ऋष राज चटर्जी, सीमा झमनानी, अनिल कुमार पोखरियाल और प्रियम कौशिक शामिल हैं। नोटिस में लिखा कि इन एफओआई को डीजीसीए से तत्काल प्रभाव से उन्हें कार्यमुक्त किया जाता है।

### बैंकाक से आए यात्रियों से 43 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 43 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक वीड' जब्त की है जिसकी कीमत करीब 43 करोड़ रुपये आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग ने इस मामले में बैंकॉक से अलग-अलग उड़ान के जरिये भारत आए पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया है।

## दो चरणों में होगी जनगणना : 11718 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी

# मनरेगा अब कहलाएगी पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना 125 दिनों की गारंटी, मजदूरी भी बढ़कर हुई 240 रुपए

केंद्र सरकार ने 12 दिसंबर को एक ऐतिहासिक फैसले में मनरेगा का नाम बदलकर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना करने को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकार ने योजना के तहत मिलने वाले न्यूनतम गारंटी रोजगार को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया है। न्यूनतम मजदूरी को भी बढ़ाकर 240 रुपए प्रति दिन कर दिया गया है। वहीं जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपए खर्च होंगे। इसके साथ ही कोलसेटू नीति और खोपरा एमएसपी 2025 पर भी अहम फैसले लिए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह सीएएएस सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल–सितंबर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 को 00:00 बजे होगी। बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए यह तिथि 1 अक्तूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। वैष्णव ने

▸▸|शेष पेज 5 पर

खास खबर



### क्या है मनरेगा स्कीम

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और असंगठित मजदूरों को रोजगार की गारंटी देना है। मनरेगा के तहत दिया जाने वाला काम श्रमप्रधान होता है, जिसमें सड़क निर्माण, तालाब की खुदाई, जल संरक्षण, बागवानी और अन्य सामुदायिक विकास कार्य शामिल हैं।

### कोयला मामले में भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, भारत कोयले के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। भारत ने 2024-25 में पहली बार एक वर्ष में 1 अरब टन कोयले के उत्पादन का आंकड़ा पार किया।

### नारियल के लिए एमएसपी तय

*सरकार ने 2026 सीजन के लिए कोपरा के मिनिमम सपोर्ट प्राइस 12,027 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 12,500 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। 2026 सीजन के लिए एमएसपी में पिछले सीजन के मुकाबले मिलिंग कोपरा के लिए 445 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 400 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।*

### इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई 100% होगी

केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट की लिमिट 100% करने का बिल पास कर दिया है। पहले यह 74% था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल को मंजूरी दी। अब विदेशी कंपनियां पूरी तरह भारतीय इंश्योरेंस फर्म्स की मालिक बन सकेंगी। बिल विंटर सेशन में पेश होगा, जो 19 दिसंबर को खत्म हो रहा है।

### कोयले से जुड़ी सुधार नीति को मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने 'कोयला लिंकेज नीति में सुधारः कोलएसईटीयू' को भी नीतिगत मंजूरी दी है। सुधारों के तहत कोयला लिंकेज किसी भी औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए नीलामी के माध्यम से प्रदान किए जा सकते हैं।

## स्क्रैप कारोबारी सहित तीन के मौत का मामला

# तंत्र-मंत्र में ही गई तीनों की जान तांत्रिक समेत छह गिरफ्तार


ये कैसा अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के चक्कर में गई जान, तांत्रिक समेत कई हिरासत में, पूछताछ
पैसों की बारिश के लिए मुंह में नीबू डालकर गले में रस्सी फंसाकर खींची, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरबा

उरगा थाना के ग्राम कुदरी स्थित एक फार्म हॉउस में शहर के स्क्रैप कारोबारी सहित तीन लोगों की मौत के मामले में शार्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने धारा 103 (1), 61(2) बीएनएस के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात रहे कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती निवासी स्क्रैप व्यवसायी मोहम्मद अशरफ 48 वर्ष पिता हाजी स्माइल मोहम्मद, तुलसी नगर डीएम रोड निवासी सुरेश साहू 44 वर्ष पिता बलदेव साहू, बिलासपुर तिफरा निवासी नीतीश रात्रे 30 वर्ष पिता राजेंद्र रात्रे सहित कुल 8 लोग बुधवार को कोरबा पुराना बस स्टैंड से उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुदरी स्थित एक फार्म हाउस पहुंचे थे जहां फार्म हॉउस के एक कमरे में पैसा झरन विधि से (पैसे की बारिश) करने के लिए बिलासपुर अमेरी से आये तांत्रिक आशीष दास ने तंत्र-मंत्र शुरू किया। इस दौरान तांत्रिक द्वारा अशरफ मेमन, सुरेश साहू, नीतीश रात्रे के मुंह में नींबू एवं गले में नारियल बांधकर उनके गले में नायलॉन की रस्सी फंसा

▸▸|शेष पेज 5 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### ये हुए गिरफ्तार

पीएम रिपोर्ट प्राप्त होते ही उरगा पुलिस ने धारा 103 (1), 61(2) बीएनएस के तहत आशीष दास, राजेंद्र कुमार जोगी, केशव सूर्यवंशी, अश्वनी कुर्रे, भागवत दास महंत, संजय कुमार साहू के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों के निशानदेही पर साक्ष्य जुटा रही है। सूत्र बताते हैं कि ये सभी आरोपियों को शनिवार को जेल दाखिल करेगी।

## एक गंभीर रूप से घायल, चालक हुआ फरार

# बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसमी

बस व बाइक की शुक्रवार की देर शाम टक्कर होने से दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। थाना अंतर्गत

▸▸|शेष पेज 5 पर

### बस जब्त चालक की तलाश जारी

थाना प्रभारी विरासत कुजूर ने बताया, बस को जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है।शवों को मर्च्युरी में रखवाने के साथ ही मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया जाएगा। घायल संजू नगेसिया को चेहरे और सिर में गंभीर चोट के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है।

# जस्टिस स्वामीनाथन को 56 पूर्व जजों का समर्थनः कहा- ये डराने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली



- विपक्षी सांसद लोकसभा में लाए हैं महाभियोग प्रस्ताव

मद्रास हाईकोर्ट के जज जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन के खिलाफ विपक्षी सांसदों के महाभियोग प्रस्ताव का देश के 56 पूर्व जजों ने विरोध किया है। पूर्व जजों ने खुले पत्र में कहा कि यह कदम जजों पर राजनीतिक-वैचारिक दबाव बनाने और डराने की कोशिश है। पूर्व जजों ने कहा कि सांसदों के आरोप मान भी लिए जाएं, तब भी किसी जज को

▸▸|शेष पेज 5 पर

# देशभक्ति की पराकाष्ठा है वीर सावरकर की 'सागरा प्राण तळमळला' : शाह

**विजयपुरम।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को श्री विजयपुरम में स्वातंत्र्यवीर सावरकर द्वारा रचित कविता 'सागरा प्राण तळमळला' के 115 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल (सेवानिवृत्त) डी के जोशी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह

▸▸|शेष पेज 5 पर

*अंडमान में भागवत के हाथों हुआ वीर सावरकर की प्रतिमा का लोकार्पण*



### कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज यहां एक कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन हुआ है और सावरकर जी के सभी गुणों को इसमें समाहित करने का प्रयास किया गया है। अमित शाह ने कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का चिंतन, जिसके आधार पर आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार चल रही है, वीर सावरकर जी ने ही इसकी नींव और व्याख्या करने का काम किया था।

## ट्रेड डील पर बढ़ी बात

# भारत अमेरिका से खरीद बढ़ाने तैयार लेकिन यूएस एग्री प्रोडक्ट्स की नो-एंट्री



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बड़ा निर्णय हुआ है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारत ने अमेरिका से कई सेक्टर्स पर डील करने के लिए सहमति जाहिर की है, लेकिन अभी एग्रीकल्चर सेक्टर पर सहमति नहीं बन पाई है। अमेरिका से व्यापार वार्ता के दौरान भारत ने यूएस से एनर्जी प्रोडक्ट खरीदने का वादा किया है। इसके अलावा, डिफेंस इक्विपमेंट खरीदने और एविएशन इक्विपमेंट खरीदने पर भी सहमति जाहिर की है।

### भारत चाहता है पहले एक्स्ट्रा टैरिफ हटाया जाए

वहीं भारत का टारगेट है कि यूएस डील से पहले 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ को हटाया जाए। इस डील के तहत दोनो देशों का लक्ष्य व्यापारिक संबंधों को संतुलित करना और टैरिफ विवादों को हल करना है। भारत चाहता है कि डील से पहले अमेरिका एक्स्ट्रा 25 फीसदी टैरिफ को हटा दे, ताकि भारतीय वस्तुओं की अमेरिकी बाजार में पहुंच फिर बढ़ सके। इसके बाद ट्रेड डील के अगले स्टेप में भारत बाकी 25 फीसदी टैरिफ में भी कटौती की मांग रख सकता है।



चिंतन

# अब बर्थ टूरिज्म पर ट्रंप की टेढ़ी नजर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार इमिग्रेशन नियमों को सख्त करते जा रहे हैं। इससे भारत समेत तमाम देशों पर असर पड़ रहा है। इस साल जनवरी से अब तक करीब 85,000 वीजा रद्द किए जा चुके हैं। इनमें 8,000 से ज्यादा छात्र शामिल हैं। वीजा रद्द करने का आधार नशे में गाड़ी चलाना, चोरी और हमला जैसे अपराध बताया गया है। अब ट्रंप की टेढ़ी नजर 'बर्थ टूरिज्म' पर है। 'बर्थ टूरिज्म' उसे कहा जाता है, जब बच्चे को जन्म देने के उद्देश्य से मां-बाप किसी दूसरे देश की यात्रा करते हैं। इससे बच्चे को पैदा होते ही वहां की नागरिकता मिल जाती है। अमेरिका में 14वें संशोधन के तहत, अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चे स्वतः अमेरिकी नागरिक बन जाते हैं। यह बदलाव भारतीय प्रवासियों के लिए चिंता का विषय है, खासकर उन लोगों के लिए जो अमेरिका में रह रहे हैं या वहां जाने की योजना बना रहे हैं। अब ट्रंप प्रशासन ने उन महिलाओं को वीजा नहीं देने का फैसला लिया है, जो महज अमेरिकन नागरिकता पाने के लिए वहां जाकर बच्चे को जन्म देना चाहती हैं। ट्रंप प्रशासन ने ऐसे आवेदकों को बी-1/बी-2 टूरिस्ट वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है, जिन पर बच्चे को जन्म देने के लिए यात्रा करने का शक है। अब अगर कोई महिला गर्भावस्था के ऐसे वक्त में ट्रैवल वीजा मांगती है, जब अमेरिका में रहने के दौरान वह मां बन सकती है तो ऐसे में उसका वीजा रद्द किया जा सकता है। 'बर्थ टूरिज्म' रोकने के लिए ट्रंप प्रशासन के इस ऐलान के बाद वीजा के लिए अप्लाई करने वाली शादीशुदा या प्रेग्नेंट महिलाओं की जांच-पड़ताल बढ़ जाएगी। हालांकि ट्रंप का आदेश अभी लागू नहीं हुआ है, क्योंकि इसे कानूनी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। यह फैसला लागू होता है तो इससे भारतीय बड़े पैमाने पर प्रभावित हो सकते हैं। चूंकि अमेरिका में आईटी और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भारतीय बड़ी संख्या में नौकरी करते हैं। ऐसे भारतीयों के परिवार लगातार यात्रा करते हैं। ट्रंप प्रशासन का फैसला उन भारतीय महिलाओं की मुश्किल बढ़ाएगा, जो गर्भवती होते हुए वीजा चाहती हैं। हालांकि उनका बर्थ टूरिज्म जैसा कोई इरादा नहीं है। देखने में आ रहा है कि ट्रंप प्रशासन अवैध प्रवासियों और वीजा के मामले में लगातार सख्ती बढ़ाता जा रहा है। वीजा फीस बढ़ाने जैसे कई फैसले हालिया महीनों में लिए जा चुके हैं। इससे पहले अमेरिका का नया वीजा नियम सीधा लोगों की सोशल मीडिया प्रोफाइल से जुड़ा है। अब एच-1बी वीजा लेने वाले, या पहले से काम कर रहे लोग और उनके परिवार तक, वीजा जांच में अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और लिंक्डइन को पब्लिक रखना होगा। मतलब, अमेरिकी अधिकारी आपके पुराने पोस्ट, फोटो, कमेंट, यहां तक कि आपका रिज्यूमे भी चेक कर सकते हैं। इसी वजह से भारतीय वीजा आवेदकों में डर फैल गया है, क्योंकि अमेरिका में 70 फीसदी से ज्यादा एच-1बी वीजा भारतीयों को मिलते हैं। वहीं, एच-4 वीजा पर काम करने वाले लोग भी 90 फीसदी तक भारतीय हैं। हालांकि अमेरिका का कहना है कि यह नियम अमेरिकी नागरिकता के दुरुपयोग को रोकने के लिए है, लेकिन इसका बड़े स्तर पर विरोध भी हो रहा है। यह देखना होगा कि यह नियम कैसे लागू किया जाता है और इसका क्या प्रभाव पड़ता है।



संसद सत्र
कांतिलाल मांडोत

# घुसपैठ व चुनावी नैरेटिव में छिपी सियासत

सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वक्तव्य के बाद विपक्ष का वॉकआउट सिर्फ एक प्रक्रियागत विरोध नहीं था, बल्कि उस गहरे अविश्वास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की अभिव्यक्ति भी था, जो आज भारतीय राजनीति की मुख्य धुरी बन चुका है। शीतकालीन सत्र की यह घटना केवल एक दिन की संसदीय कार्यवाही नहीं थी, बल्कि भविष्य की राजनीति के संकेत भी थे। जहां चुनावी नैरेटिव, संस्थागत विश्वास, और राजनीतिक नैतिकता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जनता इन बहसों को सुनती है, समझती है और अंततः उन्हीं आधारों पर आने वाले चुनावों में अपना निर्णय देती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है, और यही उसकी अंतिम कसौटी।

शीतकालीन सत्र का यह दिन भारतीय संसद के लिए उन क्षणों में से एक बन गया, जब बहस से ज़्यादा राजनीतिक टकराव और आरोप-प्रत्यारोप ने माहौल को गर्म किया। सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वक्तव्य के बाद विपक्ष का वॉकआउट सिर्फ एक प्रक्रियागत विरोध नहीं था, बल्कि उस गहरे अविश्वास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की अभिव्यक्ति भी था, जो आज भारतीय राजनीति की मुख्य धुरी बन चुका है। अमित शाह ने सदन में घुसपैठ के मुद्दे पर तीखे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि घुसपैठिए तय नहीं कर सकते कि देश का प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कौन होगा। गृह मंत्री का यह कथन मात्र सुरक्षा नीति की अभिव्यक्ति नहीं था, बल्कि यह विपक्षी दलों पर एक परोक्ष वेध भी था कि वे ऐसे तत्वों के साथ राजनीतिक सहानुभूति रखते हैं जिन्हें जनता ने स्वीकार नहीं किया। विपक्ष को यह बात नागवार गुज़री और अचानक सदन से बाहर निकल जाने का फैसला लिया। इस पर शाह का तर्क था कि वे तो केवल घुसपैठियों को देश के लोकतांत्रिक ढांचे से बाहर रखने की बात कर रहे थे, लेकिन पता नहीं विपक्ष क्यों चला गया। शायद उन्हें उन पार्टियों से हमदर्दी है जिन्हें जनता वोट नहीं देती और जिनके पुराने वोट बैंक भी खत्म हो चुके हैं।

चुनावी राजनीति में वोट बैंक एक स्थापित वास्तविकता है, परंतु चुनाव आयोग की ईमानदारी पर लगातार उंगलियां उठाना, खासकर तब जब चुनाव परिणाम विपक्ष के प्रतिकूल हों, यह प्रवृत्ति नई नहीं है। शाह ने सदन में यह स्पष्ट किया कि भाजपा ने कभी चुनाव आयुक्त या चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा नहीं किया, भले ही चुनाव परिणाम उनके खिलाफ रहे हों। उन्होंने इमरजेंसी के दौर की याद दिलाते हुए कटाक्ष किया। जब पत्रकार भी सवाल पूछते थे तो उन पर भाजपा का एजेंट होने का ठप्पा लग जाता था। यह टिप्पणी न केवल कांग्रेस के ऐतिहासिक विरासत पर प्रहार थी, बल्कि आज के राजनीतिक वातावरण की तुलना भी थी, जिसमें संवाद की जगह सन्देह और आरोप फैलने लगे हैं। अमित शाह ने उत्तर प्रदेश और बिहार के पुराने चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि पर्चों के बक्से गायब कर दिए जाते थे, और चुनावी धांधलियों का बोलबाला था। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम के आने के बाद यह खेल खत्म हुआ और चोरी बंद हो गई, इसीलिए कुछ लोगों को पेट में दर्द है। उनकी दृष्टि में ईवीएम ने भारतीय चुनावों को अधिक पारदर्शी बनाया है और उन राजनीतिक दलों के लिए असुविधा पैदा कर दी है जो चुनाव में हेरफेर को ही जीत का रास्ता समझते थे। यह तर्क बार-बार भाजपा की तरफ से दिया जाता रहा है कि कांग्रेस 2004 और 2009 में ईवीएम के माध्यम से ही सत्ता में आई थी, और तब मशीन पर सवाल नहीं उठाए गए। जैसे ही सत्ता हाथ से गई, वही मशीन अचानक अविश्वसनीय लगने लगी। सदन में सोनिया गांधी के मुद्दे पर हुए हंगामे ने बहस को और उलझाया। गृह मंत्री ने कहा कि ईवीएम का ट्रायल और सत्यापन कई बार हो चुका है। न केवल तकनीकी रूप से बल्कि राजनीतिक रूप से भी, ईवीएम भारतीय चुनाव प्रणाली का हिस्सा बन चुकी है। चुनाव के 45 दिन बाद, जब किसी प्रकार की आपत्ति नहीं आती, तब चुनाव आयोग रिकॉर्डिंग या इसी तरह के साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए बाध्य नहीं हो



सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीसीटीवी रिकार्डिंग संवैधानिक प्रावधान का हिस्सा नहीं है। शाह ने एक और दिलचस्प तथ्य रखा। भारत ने 73 वर्षों तक चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं बनाया था। यह विषय हाल ही में चर्चाओं और नए कानूनों के निर्माण के साथ सुर्खियों में आया है। विपक्ष लगातार यह मांग करता रहा है कि चुनाव आयोग की नियुक्ति पूरी तरह से स्वतंत्र और न्यायालय की निगरानी में होनी चाहिए। इस पर रविशंकर का जवाब था कि जब जनता प्रधानमंत्री को परमाणु बटन सौंपने का भरोसा देती है, तब उसके नेतृत्व में ईमानदार और सक्षम चुनाव आयुक्त क्यों नहीं चुने जा सकते? रविशंकर प्रसाद ने भी इसी तर्क को आगे बढ़ाते हुए कहा कि मतदाता जिस नेतृत्व पर राष्ट्र की सुरक्षा का विश्वास करता है, वह चुनाव आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने में भी सक्षम है। शीतकालीन सत्र की यह बहस केवल ईवीएम या घुसपैठ तक सीमित नहीं थी। यह बहस भारतीय लोकतंत्र के दो दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व कर रही थी। एक तरफ सरकार यह दावा कर रही थी कि पारदर्शी तंत्र के कारण अब चुनावी हेरफेर संभव नहीं है, वहीं विपक्ष यह संकेत दे रहा था कि चुनाव आयोग और संस्थागत तंत्र पर राजनीतिक प्रभाव बढ़ता जा रहा है। इन दो दृष्टिकोणों के बीच सच्चाई कहां है, यह जनता को तय करना है। सदन में बहस से भागने और वॉकआउट की रणनीति लोकतंत्र की मजबूती से अधिक उसकी कमजोरी को दर्शाती है। अमित शाह की बहस का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि उन्होंने विपक्ष के राजनीतिक नैरेटिव को चुनौती दी। विपक्ष लगातार यह प्रचार करता रहा है कि लोकतंत्र खतरे में है, संस्थाएं कमजोर हो रही हैं और चुनाव प्रक्रिया से भरोसा उठा लिया गया है। शाह ने पलटकर कहा कि आपके हारने का कारण आपका नेतृत्व है। उनके अनुसार यह बहाना आधारित राजनीति है जिसमें पराजय का दोष कभी मशीन पर, कभी संस्थाओं पर और कभी भाजपा पर मढ़ दिया जाता है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे स्पष्ट आईना है। जनता जिस नेतृत्व पर भरोसा करती है वही सत्ता तक पहुंचता है, और जो जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता, उसे जनादेश नहीं मिलता। इस पूरे विवाद का सार यही है कि लोकतंत्र में प्रश्न उठाना स्वाभाविक है, लेकिन प्रश्न उठाने और निराधार अविश्वास फैलाने में अंतर होता है। सरकार का दावा है कि पारदर्शिता, तकनीक और संस्थागत सुधारों ने चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाया है। विपक्ष का दावा है कि लोकतंत्र तभी सुरक्षित है जब सत्ता पक्ष से प्रश्न करने की पूरी स्वतंत्रता हो। दोनों ही बातें आंशिक रूप से सही हैं, लेकिन लोकतंत्र केवल तकनीकी या संस्थागत संरचनाओं से नहीं चलता है। यह राजनीतिक परंपराओं और सहभागिता पर भी आधारित होता है। विपक्ष का वॉकआउट, गृह मंत्री के कटाक्ष और सदन में जारी तल्खी भारतीय राजनीति की उस दिशा को भी दर्शाती है जिसमें संवाद की जगह टकराव ने ले ली है। यह भी सच है कि ईमानदारी और पारदर्शिता में वह शक्ति होती है जो नेतृत्व को निडर बनाती है। शायद इसी संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि जो नेता, संस्था या सरकार अपने काम पर भरोसा रखती है, वह बहस से नहीं भागती। जो नेतृत्व जनादेश से दूर होता जा रहा है, वह बहस से ज़्यादा हंगामे को अपना हथियार बना लेता है। शीतकालीन सत्र की यह घटना केवल एक दिन की संसदीय कार्यवाही नहीं थी, बल्कि भविष्य की राजनीति के संकेत भी थे। जहां चुनावी नैरेटिव, संस्थागत विश्वास, और राजनीतिक नैतिकता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जनता इन बहसों को सुनती है, समझती है और अंततः उन्हीं आधारों पर आने वाले चुनावों में अपना निर्णय देती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है, और यही उसकी अंतिम कसौटी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

व्यंग्य
डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# अपनी ऐसी किस्मत कहां कि मरने की खबर सुन सकें !

इस दुनिया में बहुत कम ऐसे किस्मत वाले हैं जो खुद की मौत की खबर सुन पाते हैं! यह ऐसा अवसर है जब मरने वाला अपने चाहने वालों और नफरत करने वालों की परख कर सकता है! हम जिस युग में जी रहे हैं या ये कहें कि जब तक हमारी सांस चल रही है, अपने स्वस्थ जीवन की प्रार्थना ईश्वर से करते रहते हैं। मैं कभी यह नहीं चाहता कि मुझे इतनी लंबी उम्र मिले कि बच्चों के कंधों का सहारा लेकर जीना पड़े। यूं तो वृद्धावस्था 60 के बाद परवान चढ़ने लगती है, जिसमें मैं चल पड़ा हूं। मैं जर्जर वृद्धावस्था की कल्पना मात्र से कांप जाता हूं। मैं यह कभी नहीं चाहता कि मुझे बीमारी की वजह से बड़े हॉस्पिटल में भर्ती होने का कष्ट झेलना पड़े। कारण यह कि बच्चे मुझे मरना नहीं देना चाहेंगे और डॉक्टर मुझे पूर्ण रूप से स्वस्थ करने से परहेज करेंगे! नतीजतन मुझे डॉक्टर की सलाह पर वेंटीलेटर पर रखे जाने का असहनीय खर्च बच्चों द्वारा उठाए जाने से मना भी नहीं किया जा सकेगा! यहां तक तो बात समझ में आती है। फिर मन घबरा उठता है कि वेंटीलेटर का नाम सुनते ही रिश्तेदार अथवा मित्र मंडली कभी भी मौत की झूठी खबर फैला सकते हैं! जब इस दुनिया में बड़े-बड़ों को ऐसे समाचारों से नहीं बख्शा गया तो मुझ जैसे छोटे ओहदे वाले की हैसियत ही क्या? वैसे बड़े-बूढों की बातों पर विश्वास करें तो मौत की झूठी खबर इंसान को जिंदगी के कुछ अतिरिक्त दिन दे जाती है! तब मुझे ऐसा लगता है कि मेरी भी झूठी मौत की खबर कुछ लोगों की आंखें जरूर नम कर सकती है! ईश्वर द्वारा दिए गए जीवन-मरण के तय समय के अलावा वेंटीलेटर में दी जाने वाली बनावटी सांस किसी का गल्ला खाली कर जाती है तो किसी की दीवाली हो जाया करती है! हमारे एक मित्र ने ऐसी ही फेक मौत की खबर से अपने चाहने वालों को परखना चाहा। उसकी मौत की खबर फैला दी गई! खबर पाकर कुछ अंतिम दर्शन हेतु दौड़े चले आए। द्वार पर आकर अपने मित्र के चले जाने पर अफसोस जताने वाले फेक मृतक की नजरों में चढ़ गए। जो आए ही नहीं, सुनकर टाल गए, वे नजरों से उतर गए। वर्तमान दौर में किसी भी चीज या किसी की कही बात के पुख्ता होने की कोई गारंटी नहीं है ! इसी तरह फेक मौत की खबर फैलाने वाला मर ही गया हो, इस बात की भी कोई गारंटी नहीं! अतः लोग पहले एक-दूसरे से कन्फर्म करके ही अंतिम यात्रा में शामिल होने निकलते हैं! इसका दूसरा पक्ष बड़ा ही कष्ट देने वाला है। यदि मरने वाला किसी विधा में माहिर हो तो नजारा कुछ और ही होता है। घर वालों सहित पड़ोसी इस बात से बे-खबर होते हैं कि वेंटीलेटर में पड़ा उनका पारिवारिक सदस्य इस दुनिया में नहीं रहा! हमारे देश का मीडिया कई कदम आगे दौड़ते हुए चैनल में श्रद्धांजलि तक दे डालता है! जब परिजन नाराज होते हैं और जीवित होने का प्रमाण देते हैं तो वही मीडिया अफसोस जाहिर कर मरे को जिंदा कर देता है! कहने का मतलब यह कि सोशल मीडिया समय का इंतजार नहीं करता! कुछ होने के पहले या होने जैसा, होने का अंदेशा लगाकर 'ब्रेकिंग न्यूज' बनाने में देर नहीं करता! सोशल मीडिया के तारणहार व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक की महिमा ऐसे गाई जाती है जैसी हमें मनुष्य योनि में जन्म देने वाले ईश्वर की भी नहीं गाई जाती! किसी बीमारी की वजह से डॉक्टर ने यदि किसी को कम उम्र में भी वेंटीलेटर पर सुला दिया तो लोग चर्चा करने लगते हैं कि बस अब कुछ ही दिन शेष हैं! यह भी कहा जाने लगता है कि क्या पता फलाना जिंदा भी है या अस्पताल प्रबंधन अपना बिल बनाने के लिए ही जिंदा बता रहा है? व्हाट्सएप ग्रुप में गलती से मैसेज चला जाए तो श्रद्धांजलि और आरआईपी (रिप ) का दौर चल निकलता है! कोई इस बात की चिन्ता भी नहीं करता कि खबर की पुष्टि कर ली जाए। सभी के मन में बस यही उतावलापन रहता है कि सबसे पहले पुष्पांजलि देकर वह खुद को दिवंगत आत्मा का करीबी और सबसे अधिक शोक-संतप्त सिद्ध कर सके। दुनिया के बदले हुए रिवाजों को देखकर मुझे भी ऐसा लगने लगा है कि इस निष्ठुर संसार को अलविदा कहने अथवा यहां से कूच करने से पहले मेरी भी बिदाई की खबर आम हो जाए! ऐसा होने से मुझे यह समझने में सहूलियत होगी कि आखिर मेरी जिंदगी की कीमत क्या थी? साथ ही यह भी कि कौन हितैषी मेरी रवानगी की खबर पर शोक - संतप्त है और कौन नहीं। बड़ी गंभीर मुद्रा में सोचता हूं कि वे बड़े नसीब वाले हैं , जिनकी मौत की खबर उन्होंने जीते जी देखी या सुनी है! अपनी किस्मत ऐसी कहां, कि अपन भी जीते जी मरने का आनंद ले सकें! शायद अपन उन लोगों में से हैं जो, जी-जीकर रोज मर रहे हैं ! अपनी तरफ ध्यान देने वाला न तो कोई शुभचिंतक है और न ही मर जाने की खबर पर अट्टहास करने वाला ही दिखाई पड़ता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित
प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़िया कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारो कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जलदी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें

सोशल मीडिया के लगातार उपयोग ने बच्चों में चिंता, अवसाद, नींद की कमी, साइबर बुलिंग, पढ़ाई में गिरावट, आत्मविश्वास में कमी, हिंसक या भ्रामक सामग्री का संपर्क जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ाई हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित कई संस्थाओं ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिगों को प्लेटफॉर्म से दूर रखने में विफल रही हैं। इस बढ़ती चिंता के बीच दुनिया के दूसरे कोने से एक बेहद साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय सामने आया, ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लागू कर दिया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट, टिकटॉक जैसे सभी प्लेटफॉर्म अब 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देंगे। भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए। - **पीयूष सिन्हा**, रायगढ़

## ट्रेंड

### हॉकी टीम को बधाई



एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 में इतिहास रचने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई! हमारी युवा और जोशीली टीम ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला कांस्य पदक जीता है। यह उपलब्धि देश के युवाओं को प्रेरित करती है।
- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### वायु प्रदूषण राष्ट्रीय आपदा



वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपदा बन चुका है, जिसके खिलाफ़ तत्काल, व्यापक और निर्णायक राष्ट्रीय योजना की ज़रूरत है। यह हम सबकी ज़िम्मेदारी है जिसके नियंत्रण, समाधान और हमारे लोगों के भविष्य की रक्षा के लिए हम प्रधानमंत्री के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं।
- **राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### वसुधैव कुटुंबकम्



भारतीय संस्कृति की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की विराट वैश्विक भावना मिलने-जुलने और मेल-मिलाप से ही फलीभूत होती है। दुनियाभर में आपसी एतबार से भाईचारा और भाईचारे से अमन-चैन आता है, जिससे हर किसी के लिए ख़ुशहाली लाने वाली तरक़्क़ी मुमकिन होती है।
- **अखिलेश यादव, सांसद, सपा**


### शिवराज पाटिल को नमन



पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ राजनेता शिवराज पाटिल जी का निधन दुःखद। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें एवं दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति दें।
- **नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

## करंट अफेयर

### चीन गर्भनिरोधक दवाओं व उत्पादों पर कर लगाएगा



चीन तीन दशकों से भी अधिक समय में पहली बार जल्द गर्भनिरोधक दवाओं और उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) वसूलना शुरू करेगा। यह कदम दशकों तक अधिकतर परिवारों को एक बच्चे तक सीमित रखने के बाद उन्हें अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के बीजिंग के प्रयासों के अनुरूप है। देश के नवीनतम मूल्य वर्धित कर कानून के अनुसार, एक जनवरी से ''गर्भनिरोधक दवाएं और उत्पाद'' कर-छूट की श्रेणी में नहीं रहेंगे। 'कंडोम' जैसे उत्पादों पर भी 13 प्रतिशत का सामान्य वैट लगेगा। बहरहाल, सरकारी मीडिया ने इस बदलाव को ज्यादा तवज्जो नहीं दी है लेकिन यह विषय चीनी सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रेंड कर रहा है। लोग मजाक में कह रहे हैं कि कोई बेवकूफ ही होगा जिसे यह समझ न हो कि बच्चा पालना, कर लगे कंडोम खरीदने से कहीं ज्यादा महंगा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि गर्भनिरोधकों की कीमत बढ़ने से अनियोजित गर्भधारण और यौन संक्रमित रोगों में वृद्धि हो सकती है। 1980 से 2015 तक लागू रही चीन की एक-संतान नीति के दौरान भारी जुर्माने, दंड और कभी-कभी जबरन गर्भपात तक कराए जाते थे। तय सीमा से अधिक जन्मे बच्चों को कई बार पहचान संख्या नहीं दी जाती थी, जिससे वे प्रभावी रूप से 'गैर-नागरिक' बन जाते थे।

## ऑफ बीट

### सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू

तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। "प्लैनेटोरियम" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं। तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया। तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है। ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेनमेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था।



'क्योंकि सास' में होगी नए चेहरे की एंट्री -नई दिल्ली। स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6 साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे।

## छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

**प्रथम निविदा ई - प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**

Website-www.cgmsc.gov.in

Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10531 | जिला बेमेतरा के नवागढ़ में 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य। | 1690.30 |
| 2 | 10532 | जिला जशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण कार्य। | 46.77 |
| 3 | 10533 | जिला कबीरधाम के वि.ख. पण्डरिया के कोदवागोडान में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 26.67 |
| 4 | 10534 | जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ विकासखण्ड बरमकेला के गोबरसिंघा में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 26.67 |
| 5 | 10535 | जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ विकासखण्ड बरमकेला के बार में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 26.67 |
| 6 | 10536 | जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ विकासखण्ड बरमकेला के सांकरा में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 26.67 |
| 7 | 10537 | जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ विकासखण्ड बरमकेला के साल्हेओना में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 26.67 |
| 8 | 10538 | जिला रायगढ़ विकासखण्ड पुसौर के कोलाईबहाल में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 26.67 |
| 9 | 10539 | जिला रायगढ़ विकासखण्ड पुसौर के रेंगालपाली में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 26.67 |
| 10 | 10540 | जिला रायगढ़ विकासखण्ड पुसौर के गढ़उमरिया में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 26.67 |
| 11 | 10541 | जिला बिलासपुर के सिम्स चिकित्सालय के एस. आर. छात्रावास के मेंस का मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य एवं सिम्स चिकित्सालय के एस.आर. छात्रावास के गेस्ट रूम का मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य। | 74.98 |
| 12 | 10542 | जिला बिलासपुर के सिम्स चिकित्सालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग के लेक्चर हॉल नवीनीकरण का कार्य। | 40.03 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 15/12/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 07/01/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S- 46228/1 अधीक्षण अभियंता

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(First Call)**

**System Tender No. 181450/NIT No.: 13/SAC/25-26 Dated: 11.12.2025**

Online Tenders are invited for the following works up to 02.01.2026 at 17.30 Hours.

Name of work- Construction of Stopdam across local Nalla at Village Mundrethi in Block Dharsiwa, District Raipur.

Probable Amount of Contract:- Rs. 180.56 Lakhs (Excluding G.S.T.)

(As per S.O.R Enforced from Dated 01.05.2025 and amended on dated 08.08.2025).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 19.12.2025, at 17.31 Hours.(IST) onwards.

NOTE: All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Prequalification Certificates issued by Water Resources Department whose validity is upto 30.09.2026 is applicable in this tender.

Executive Engineer
Water Management Division No. 1, Raipur
For, Superintending Engineer
Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)

G- 252605425/4

## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

**(First Call)**

NIT NO:-124/15FC/RMC/2025 RAIPUR DATED : 10/12/2025

Online bids are invited for the following works of works up to 05/01/2026 at 17:30 hours.

| System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 181653 | Supply, Installation & Commissioning of Wood Fuel Based Pollution Free Crematorium in Two Cremation center of Raipur Municipal Area (FY 2024-25) | 98.00 Lakh | 5,000/- | 75,000/- | 'D' And Above | 06 months |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 10/12/2025, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

3. For More Details please download NIT details.

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

SUPERINTENDING ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

## ई0 – प्रोक्योरमेन्ट सेल कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।

**ई–प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0 – 34/2025-26/EE/BCD/DUMKA, दिनांक– 12.12.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र क मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of District Bar Council Building at Dumka, Jharkhand. | 4,80,69,100/- | Rs.9,61,500/- | Rs.10,000/- | 11 माह |

1. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि/समय :– 19–12–2025 के 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 09–01–2026 के 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 10–01–2026 के 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,लाईन टैंक रोड, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 8210084525
6. ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 6200213814
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय हागी।
8. सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–2229 दिनांक–06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
10. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।

PR 368406 Building(25-26)D

# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है। फैंस अब बेसब्री से इस वॉर ड्रामा का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। यह फिल्म साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर का सेकेंड पार्ट है। जेपी दत्ता द्वारा निर्देशित बॉर्डर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लोंगेवाला की लड़ाई पर आधारित थी। सनी देओल पहले पार्ट का भी हिस्सा थे।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं। कोई बचकानापन छोड़ना चाहता है, कोई रिश्तों को जल्दबाजी में गंभीर रूप देने की आदत से बाहर निकलना, कोई समाज के टैग से मुक्त होना चाहती है, तो कोई अपने अंदर छिपे आत्म-आलोचना के चक्र से निकलने की कोशिश करती है। इस बार कहानी में ड्रामा तो है ही, लेकिन उससे कहीं ज्यादा है भावनात्मक सफर।





epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी —सुविधा हमारी—
Contact for advertisment booking :
Bhilai : 6267136903

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, मार्केटिंग ऑफिसर 3, योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, सुरक्षा गार्ड 66, वेतन 13000, 10000/- संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019. (RO-348)

**टीचर**

आवश्यकता है- साई शिक्षा पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में नर्सरी से 8वी तक पढ़ाने के लिए टीचर कि आवश्यकता है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 05 सेजबहार रायपुर 9406250678. (RO-105)

**नर्सिंग स्टाफ/वार्ड बॉय**

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, व वार्ड बाय एवं सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है। संपर्क करें- श्री कृष्ण हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ 9691631006, 9617952445, 9926115911.(RO-6589)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुर्ग दवाई दुकान में काम करने हेतु युवक एवं युवतियो की आवश्यकता है। संपर्क करें- 96853-63113, 94255-65705. (आरो नं.- 10323)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में कार्य करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है (न्यूनतम 3 वर्ष अनुभवी) सैलरी 10000/- से 13000/- संपर्क श्री मेडिकल एजेंसी 27 पुराना मेडिकल काम्पलेक्स रायपुर मो. 9009580000. (RO-6599)

आवश्यकता है- कंप्यूटर में डेटा एंट्री एवम telly का कार्य करने हेतु 2 लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है संपर्क करें शॉप नंबर 11 आर डी ए न्यू राजेंद्र नगर रायपुर 9827106526, 9713375026. (RO-A)

**सेल्समैन/ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित सोना चांदी शोरूम में कार्य हेतु सेल्समेन एवं ऑफिस बॉय की आवश्यकता है संपर्क:- राय सोनी ज्वेलर्स राम मंदिर के पास गांधी चौक दुर्ग MO. 9425557772. (आरो नं.- 10321)

**टेलर**

आवश्यकता है- टेलर की आवश्यकता है:- बुटीक में लेडिज ड्रेसेस/ कपड़ों की सिलाई हेतु फूल टाइम अनुभवी टेलरो आवश्यकता हैं, जिन्हें कटिंग आती हो। आकर्षक पारिश्रमिक। कान्हा कलेक्शन, कृष्णा टॉकीज के पास, समता कॉलोनी, रायपुर फोन 9302305800.(RO-6597)

**ऑपरेटर/दुकान कार्य**

आवश्यकता है- थोक कपड़ा दुकान में स्टाफ की आवश्यकता है कम्प्युटर पर बिलिंग के लिए कम्प्युटर ऑपरेटर तथा दुकान कार्य हेतु 10 से 15 लड़के चाहिए। मिलने का समय दोपहर 3 से 6 बजे तक चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर डी 29- 30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर संपर्क: 9425506658, 9424200658, 9425206658.(RO-7265)

**शॉप/सेल्समैन वर्क**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में काम करने के लिए लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है मोबाइल 7067048454. (RO-6596)

**सर्वे कार्य**

आवश्यकता है- Autocad, Excel & D.G.P.S सर्वे कार्य हेतु लडकों कि आवश्यकता है। पता :- स्टेशन रोड गुरुद्वारा, दुर्ग मोबाइल :- 98068-66449. (आरो नं.- 10325)

आवश्यकता है- N.S.N. कंपनी में सर्वे कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता हैं, उम्र 18 से 35 वर्ष, सैलरी 10 से 15 हजार, रहना फ्री संपर्क करें:- रायपुर- 9993929100, भिलाई- 9827622050. (RO-411)

**ऑफिस/फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस एवं फील्ड में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है (1) जिसे कंप्यूटर चलाना आता हो, एवं अपनी गाड़ी हो पेमेंट- योग्यतानुसार कार्य समय 11 से 8 रविवार छुट्टी संपर्क 8103507377 स्टेशन रोड रायपुर (RO-107)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- Ocean कम्पनी में ऑफिस हेतु 18-28 वर्ष के लड़के, लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट आय 10500 से 18000, रहना, खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752337082.(RO-39365)

हरिभूमि क्लासीफाईड

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क 7880003190, 7880003160. (RO-521)

**पैकिंग/हेल्पर कार्य**

आवश्यकता है- पैकिंग एवं हेल्पर कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है गांव के लड़कों को रहने की सुविधा उपलब्ध- पता - अशोक इंटरप्राइजेस आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9:00 से 8:00 मो. 8770676924. (RO-108)

**अन्य**

आवश्यकता है- Realince Jio 5-G कंपनी मे पार्ट टाईम / फुल टाईम SMS करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए घर बैठे (21500-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9296821428.(RO-1255)

आवश्यकता है- पेंसिल पैकिंग शिक्षित बेरोजगार महिला पोस्ट घर बैठे काम करके 45000/-से 75000/- NOC फीस 620/- WhatsApp Contact Vipin Gupta.9354636017. (RO-1261)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस -राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेड ऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9817098991, 9817098991.(RO-412)

**Property प्रापर्टी**

**दुकान**

बेचना है- प्रीमियम शॉप स्पेस फॉर सेल शहीद स्मारक काम्पलेक्स अपोजिट नवभारत प्रेस ग्राउंड फ्लोर 02 शॉप प्रत्येक शॉप 550 स्क्वायर फीट संपर्क- 9431103284, 9955712450. (RO-6595)

**मकान**

बेचना है- अमलीडीह सेंट जोसेफ स्कूल रोड पर ईस्ट फेसिंग 1060 वर्गफीट प्लॉट एरिया में सर्वसुविधायुक्त 3 BHK डुप्लेक्स मकान 2000 वर्गफीट कंस्ट्रक्शन (पानी बोर सहित) अतिशीघ्र बेचना है संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9301690016.(RO-401)

**प्लाट**

बेचना है- रायपुरा मंजीत हाइट्स के पास 20X58= 1160 डायवर्सन किया हुआ प्लॉट न्यूनतम दर पर बेचना है बैंक फाइनेंस उपलब्ध संपर्क करें:- 9300505421. (RO-421)

**जमीन**

सर्वसुविधायुक्त जमीन (कृषि फार्म हाउस) तत्काल बिकाऊ है।
✓31 एकड़ फार्म हाउस बिकाऊ है। 50 लाख की बंगला 3 ट्यूबवेल ट्रांसफार्मर राजमार्ग से 3 किलोमीटर दूर मेन रोड से लगा हुआ हैं पीछे नदी सर्व सुविधा युक्त फार्म हाउस कारखाना, हॉस्पिटल, विद्यालय, फैक्ट्री, खेती एवं कृषि कार्य हेतु कीमत 55लाख प्रति एकड़। ग्राम सिंघनपुरी तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा।
✓राजमार्ग से 1 किलोमीटर मेन रोड से लगा हुआ 55 एकड़ फार्म हाउस 50लाख रुपए का नया निर्मित घर पीछे नदी 9 बोर, ट्रांसफार्मर जमीन के अन्दर काटा तार से घिरा हुआ। सुज्जित फार्म हाउस 75लाख प्रति एकड़। पता अधियारखोर, तहसील- नवागढ़, जिला- बेमेतरा।
खरीददार व्यक्ति ही सम्पर्क करें- जय महाकाल प्रापर्टी डिलिंग पण्डित चौक, कुण्डा रोड़, तालम सैतमांगा, जिला मुंगेली 9238210014
दलाल सम्पर्क ना करें तुरन्त रजिस्ट्री सामान्य ब्राह्मण




**For Rent किराया**

दुकान/ गोडाऊन किराए से देना है- दुकान किराए से देना है महावीर टावर उरला मेन रोड (बिरगांव रायपुर) में 11x28 साइज 12 दुकान उपलब्ध है। और साथ ही 1000ft, 2000ft, 5000ft, गोडाऊन किराए पर देना है। मेन रोड उरला में संपर्क करें - 7566677048 (RO-6593)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

RAIPUR Smart BUSINESS
GST रजिस्ट्रेशन नम्बर बनवाएं मात्र 3 दिन में
5 साल पुरानी ITR फाइल बनवाएं मात्र 5000/- में (व्हाट्सएप पर बनवाएं) www.onlytds.com
GST-Return | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TDS रिफंड | CMA DATA | MSME रजिस्ट्रेशन | Food लाइसेंस
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीती बढ़कर 0.71 प्रतिशत पर पहुंची

# आम लोगों को बड़ा झटका, खुदरा महंगाई में इजाफा, खाने पीने की कीमतों में आई तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर 0.71 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि अक्टूबर में यह 0.25 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर थी। सरकारी आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में लगातार दसवें महीने आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के नीचे रही। यह लगातार दूसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति एक प्रतिशत से भी कम रही।

### नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 3.91 फीसदी गिरी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति में 3.91 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि अक्टूबर में यह गिरावट 5.02 प्रतिशत थी।


### अंडे, मांस, मछली और ईंधन की कीमतों में हुई वृद्धि

नवंबर में कुल (हेडलाइन) और खाद्य मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस एवं मछली, मसाले, ईंधन और बिजली की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई। ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति नवंबर में 2.32 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में 1.98 प्रतिशत थी।

### अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर थी

### कुछ सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी

*रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कुछ सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और तुलनात्मक आधार सामान्य होते रहने से अगली खुदरा मुद्रास्फीति 1.5 प्रतिशत को पार कर सकती है।*



- नवंबर में लगातार दसवें महीने आरबीआई के चार प्रतिशत लक्ष्य के नीचे रही
- यह दूसरा महीना जब खुदरा मुद्रा-स्फीति एक प्रतिशत से भी कम रही

*ब्याज दर में कटौती का दौर अब समाप्ति की ओर : हालांकि भारद्वाज ने कहा कि ब्याज दर में कटौती का दौर अब समाप्ति की ओर है, और इसके बाद लंबी अवधि के लिए दर में स्थिरता बनी रहेगी।*

### आगे मुद्रास्फीति बढ़ने का अनुमान

कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा, /"मुद्रास्फीति के आगे चलकर बढ़ने का अनुमान है लेकिन अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही तक यह अपेक्षाकृत नियंत्रित ही रहेगी। रबीआई ने अगले कदम आंकड़ों के आधार पर ही उठाने का संकेत दिया है, लिहाजा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की संभावना बनी हुई है।/"

### फरवरी 2026 में ब्याज दर रह सकती है स्थिर

नायर ने कहा, /"वृद्धि एवं मुद्रास्फीति के बदलते परिदृश्य के साथ आगामी केंद्रीय बजट में घोषित होने वाले वित्तीय उपाय भी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक के फैसलों की राह दिखाएंगे। हमारा मत है कि फरवरी 2026 में एमपीसी नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखेगी।/"

### अगले दो तिमाही खाद्य कीमतें स्थिर रहेगी

उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के महासचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रंजीत मेहता ने कहा कि अगले दो तिमाहियों में मुद्रास्फीति खाद्य कीमतों में स्थिरता, जीएसटी दरों के संतुलन, बिजली की उचित कीमतें और आरबीआई की रणनीतिक मौद्रिक नीतियों के कारण प्रबंधन-योग्य दायरे में रहेगी।

### एआई नौकरियां नहीं छीनेगा : चंडोक

**मुंबई** । प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) नौकरियां नहीं छीन पाएगी, बल्कि असली खतरा उन लोगों के लिए है जो नई चीजें सीखने से इनकार करते हैं। चंडोक ने कहा कि नई प्रौद्योगिकियों को व्यापक रूप से अपनाने से कार्यों का विभाजन होगा। चंडोक ने कहा, 'हमारी पीढ़ी आखिरी है जो स्थिर और लंबी अवधि वाले करियर का आनंद लेगी।' माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर के दौरान अपने संबोधन में चंडोक ने कहा, /"क्या एआई नौकरियां छीन लेगा? मेरा मानना है कि नहीं। एआई नौकरियां नहीं छीन पाएगा। यह नौकरियों का विश्लेषण करेगा और उन्हें अलग-अलग हिस्सों में बांट देगा।/" उन्होंने कहा, /"हम और आप आखिरी पीढ़ी हैं जिनके पास स्थिर और लंबी अवधि की नौकरियां होंगी...। हमारे बच्चे कई तरह के काम करेंगे।''

### आंध्र के सीएम ने रखी आईटी परिसर की आधारशिला

**विशाखापत्तनम**। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने यहां कॉग्निजेंट आईटी परिसर और आठ अन्य कंपनियों की शुक्रवार को आधारशिला रखी। इनमें कुल 3,700 करोड़ रुपये का निवेश होगा। कंपनी कॉग्निजेंट के साथ-साथ इन कंपनियों से लगभग 41,700 नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र. 1067/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 12/12/2025

**प्रथम ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि (लाख में) | अमानत राशि | कार्य अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 181688 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work including 05 years of Operation and Maintenance of the Entire system in Nagar Palika Parishad, Mungeli under SBM 2.0 | 624.09 | 312000 | 18 माह | सक्षम श्रेणी |

टीप-निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in) में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 06/2025-26/EE/RWD/LATEHAR जिसका PR No. – 363746 REO (25-26)D & PR No. 362371 REO (25-26)D का निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.368398 REO(25-26):D

**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

NIT NO: 126/15FC/RMC/2025 RAIPUR DATED: 10.12.2025

Online bids are invited for the following works of works up to **05.01.2026** at 17:30 hours.

| System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate | Cost of Tender form | Earnest Money Deposite | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 181674 | Improvement of traffic junction for better traffic management of Raipur City (FY 2024-25) | SOR-42.68 lakh N-SOR-37.96 Lakh PAC-80.64 Lakh | 5,000/- | 61,000/- | "D"& Above | 06 Month |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **10.12.2025, 17:30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

3 For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

SUPERINTENDING ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक 1. रायपुर (छ.ग.)**
दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885
ईमेल : se1.raipur@gov.in

**-:: निविदा संशोधन सूचना ::-**

ज्ञाप क्र. / 40-311/ सा. 25 रायपुर, दिनांक / 12/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निम्न निविदा में त्रुटिवश Notice 1 में दर्शित 2 F (**Valid Hot Mix Plant Certificate**) शर्त की कंडिका 7 (d) विलोपित नहीं हुआ है, उक्त कार्य में बिटुमिनस कार्य की आवश्यकता नहीं है, इस कारण बिटुमिनस के संबंध में दर्शित शर्त को विलोपित माना जावें।

| क्र. | कार्य का नाम | एन.आई.टी. क्र. निविदा क्र. | आमंत्रण दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | S/R DRAIN WORK AT MANA BORIYAKALA SEJBAHAR DATRENGA DOMA JULUM ROAD RAIPUR + INTERLOCK WORK IN MMI HOSPITAL TO NEW BUS STAND PANDARI CANAL LINKING ROAD RAIPUR (C.G.) | 273 179117 | 24.11.2025 |

जी.नं. :- 252605037

G- 252605440/5

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पंचायत जरही, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
Email- jarhi_nagarpanchyat@rediffmail.com

क्रमांक/3289/लो.नि./न.पं./2025-26 **ई-प्रोक्योरमेंट चतुर्थ निविदा सूचना** जरही दिनांक 12/12/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नालिखित कार्य हेतु ऑनलाईन चतुर्थ निविदा ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 181648 | Design Construction, Testing, commissioning of all the components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System In Nagar Panchayat Jarhi under SBM 2.0 | 223.19 | INR 1.50 Lakh (Rupees one Lakh Fifty Thousand Only) TDR/FDR in favour of Chief Municipal Officer Nagar Panchayat Jarhi | INR 10000/- (Rupees Ten Thousand Only) DD in favour of Chief Municipal Officer Nagar Panchayat Jarhi | Construction period-15 Months (including rainy season + 03 Month of trail run (from the date of issuing of work order | 29.012.2025 Time 17:00 pm |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत जरही, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

**छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमि**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(ISO 9001:2015 Certified)
प्रथम तल, उद्योग भवन, रिंग रोड़ नं.-1, तेलीबांधा, रायपुर 492006 (छ.ग.)
दूरभाष : कार्यालय - 0771-6621000, फैक्स: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address: csidc_raipur@yahoo.com, csidc.cg@nic

**// ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा सूचना //**

निविदा क्र.11/का.अ. सं.-2/ सीएसआईडीसी/2025-26, रायपुर दिनांक 11/12/2025

ऑनलाईन फार्म "B" (आईटम दर) पर वांछित श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में द वर्ग तथा उपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु तृतीय ऑन-लाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 11 सिस्टम न. 181617 | Providing labor for cleaning of road dust using broom at I/A Bhanpuri, Rawabhata & Metal Park Distt-Raipur etc. for 01 year from the date of work order. | 24.47 लाख | 18500/- | 885/- |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की Mjunction Service Limited वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in की पर दिनांक 11/12/2025 समय 17.01 बजे से देखे तथा डाऊनलोड किये जा सकते है।

**नोट** :- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को Mjunction Service Limited वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर पंजीयन तथा वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित करवाना अनिवार्य है।

**कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखे csidc.in**

S-46223/1

कार्यपालन अभियंता
संभाग-02

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 181372/निविदा सूचना क्र. 06/व.ले.लि./ 2025-26
दिनांक 10.12.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 29.12.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम- **धमतरी जिले के विकासखंड नगरी की नगरी वितरक शाखा नहर से दुगली सिंगपुर तक नहर विस्तार कार्य आर.डी. 10000 मी. से 17000 मी. (ग्रुप-3)।**

अनुमानित लागत - **रू. 977.69 लाख**

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.12.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. बांध संभाग-02
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.

G-252605434/3

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
" आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव "
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षो का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### द.अफ्रीका में भारतीय हॉकी टीम का विजयी अभियान

**स्टेलनबोश।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक भी मुकाबले में हार का सामना नहीं करना पड़ा, जिसमें दो टेस्ट मैच और एक मैत्री मैच शामिल था। भारत ने पहले मैच में शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे और अमित रोहिदास के गोल की बदौलत 5-2 से जीत दर्ज की। सोमवार को खेला गया दूसरा टेस्ट 2-2 से ड्रॉ रहा, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे। वहीं बुधवार को खेले गए मैत्री मुकाबले में भी भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से जीत हासिल की। इस मुकाबले में सुखजीत सिंह, अमित रोहिदास, हार्दिक सिंह और मनदीप सिंह ने गोल किए।

### एसए20 में प्रिटोरिया के कप्तान बने महाराज



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर स्पिनर केशव महाराज आगामी एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने इसकी घोषणा की। महाराज सीमित ओवरों की क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उनके नाम पर 38 विकेट दर्ज हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने एसए20 में 33 मैचों में 7.3 की इकॉनमी रेट से 27 विकेट लिए हैं। एसए20 ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक महाराज खेल के विभिन्न प्रारुपों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक अनुभव रखते हैं।

### हॉकी विश्व कप में दसवें स्थान पर महिला जूनियर टीम



**सैंटियागो।** भारत को एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के अंतिम क्लासिफिकेशन मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह से वह प्रतियोगिता में दसवें स्थान पर रहा। भारत की तरफ से एकमात्र गोल कनिका सिवाच ने 41वें मिनट में किया जबकि स्पेन की तरफ से नतालिया विलनोवा (16वें) और एस्थर कैनालेस (36वें) ने एक-एक गोल किया। पहले क्वार्टर में काफी रोमांचक खेल देखने को मिला। इस दौरान स्पेन एक समय गोल करने के बेहद करीब पहुंच गया था लेकिन भारतीय गोलकीपर निधि ने दो अवसरों पर शानदार बचाव करके गोल नहीं होने दिया। स्पेन को 14वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने एक बार फिर से बचा दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआती क्षणों में स्पेन ने जवाबी हमला किया और नतालिया विलनोवा ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

### कोलकाता 25 में गुलवीर और संजीवनी पेश करेंगे चुनौती




**कोलकाता।** राष्ट्रीय 10,000 मीटर और 5,000 मीटर रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन संजीवनी जाधव 21 दिसंबर को कोलकाता में टाटा स्टील विश्व 25के (25 किलोमीटर दौड़ स्पर्धा) में भारतीय एलीट वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए चुनौती पेश करेंगे। देश के सबसे तेज लंबी दूरी के धावक और 5000 मीटर की दौड़ को 13 मिनट के अंदर पूरा करने वाले पहले भारतीय बने गुलवीर सिंह इस आयोजन के 10वें सत्र के मुख्य आकर्षण होंगे। इस स्पर्धा में कुल 142,214 डॉलर की पुरस्कार राशि है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि है।

# रेड्डी ने घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से मचाया धमाल, मध्यप्रदेश के खिलाफ बनाई 'हैट्रिक'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीतीश रेड्डी ने घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से धमाल मचाया और हैट्रिक ले डाली। हालांकि इसके बावजूद वह मध्यप्रदेश के खिलाफ आंध्र प्रदेश को जीत नहीं दिला सके। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के जारी सीजन के पहले मैच में ही नीतीश रेड्डी ने कहर बरपा दिया।

113 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रजत पाटीदार की कप्तानी वाली मध्य प्रदेश के खिलाफ रेड्डी पारी के तीसरे ओवर में अपने स्पेल का पहला ओवर फेंकने आए। रेड्डी ने चौथी गेंद पर सबसे पहले सलामी बैटर हर्ष गावली का शिकार किया। इसकी अगली गेंद पर उन्होंने हरप्रीत सिंह(0) और ओवर की अंतिम और हैट्रिक बॉल पर मध्य प्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार (0) को भी क्लीन बोल्ड करके हैट्रिक पूरी कर डाली। रेड्डी के टी20 करियर की यह पहली हैट्रिक भी बनी।



### आंध्र प्रदेश की टीम 112 पर ढेर

हालांकि आंध्र प्रदेश के बैटर पहली पारी में कुछ खास नहीं कर सके थें उनके लिए केएस भरत ने 39 रन बनाए, जबकि रेड्डी ने 25 रन बनाए और बाकी कोई भी बैटर 18 रन के स्कोर के आगे नहीं जा सका, जिससे आंध्र प्रदेश की टीम 112 पर ढेर हो गई थी और मध्य प्रदेश के लिए चार विकेट शिवम शुक्ला ने, तो तीन विकेट त्रिपुरेश सिंह ने झटके।

### एमपी टीम ने अर्जित किए 4 अंक

नीतीश रेड्डी की हैट्रिक से एक समय एमपी के 14 पर तीन विकेट गिर गए थे, लेकिन अंत में ऋषभ चौहान ने 47 रन और राहुल बाथम ने 35 रन बनाकर टीम को आसानी से 17.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 113 रन के स्कोर तक पहुंचाने से चार विकेट से जीत दिला दी, जिससे सुपर लीग स्टेज में एमपी की टीम ने महत्वपूर्ण चार अंक अर्जित किए।




### सलिल अरोड़ा ने 39 गेंदों पर बनाई सेंचुरी

**मुंबई।** पंजाब के विकेटकीपर बैटर सलिल अरोड़ा ने झारखंड के खिलाफ 39 गेंदों पर शतक ठोका। सलिल ने ये कमाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में किया है। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला डीवाई पाटिल एकेडमी में हुआ। इस बैटर ने 45 गेंदों पर 125 रन ठोके। इसका नतीजा ये रहा कि पंजाब ने पहले बैटिंग की और बड़ा स्कोर बनाया। सलिल ने ये कमाल आईपीएल नीलामी से ठीक 4 दिन पहले किया है। सलिल की बैटिंग का ये नतीजा रहा कि टीम ने 20 ओवरों में 6 विकेट गंवा कुल 235 रन बनाए। 23 साल के सलिल अरोड़ा अमृतसर से आते हैं और विकेटकीपर बैटर हैं। सलिल ने साल 2024 रणजी सीजन में डेब्यू किया था और अब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेल रहे हैं। इस बैटर ने अपनी पारी में 9 चौके और 11 छक्के लगाए। सलिल ने सुशांत मिश्रा के ओवर में हमला बोलना शुरू किया। इस बैटर ने सुशांत को तीन छक्के और एक चौका लगाया। सलिल ने नंबर 5 पर बैटिंग की। बता दें कि अरोड़ा ने डेब्यू में फर्स्ट क्लास शतक ठोका था। उन्होंने 210 गेंदों पर 101 रन बनाए थे। ये कारनामा उन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ किया था। 9 फर्स्ट क्लास मैचों में सलिल ने 458 रन ठोके हैं। इस दौरान उनकी औसत 41.63 है। सलिल ने 3 फिफ्टी और एक शतक ठोका है।

## अंडर 19 एशिया कप : सूर्यवंशी ने 95 गेंदों पर खेली 171 रन की शानदार पारी

# गरजा वैभव का बल्ला, 180 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन, छक्कों का बनाया विस्फोटक रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंडर 19 एशिया कप के पहले ही लीग मैच में वैभव सूर्यवंशी ने अपनी बल्लेबाजी का कमाल दुबई में दिखाया। यूएई के खिलाफ वैभव ने इस मैच में अपना अर्धशतक 30 गेंदों पर तो वहीं शतक 56 गेंदों पर पूरा किया और उन्होंने 95 गेंदों पर 171 रन की शानदार पारी खेली और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 180.00 रहा। वहीं उन्होंने 14 छक्के और 9 चौके लगाए। इन 14 छक्कों के दम पर वैभव ने बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। वैभव की इस पारी के दम पर भारत ने अंडर 19 एशिया कप का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। यूएई के खिलाफ इंडिया अंडर-19 ने 6 विकेट पर 433 रन बनाए। वैभव ने अपनी पारी के दौरान 14 छक्के लगाकर दो एशियाई रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वैभव से पहले अफगानिस्तान के दरविश रसूली ने 2017 में अंडर 19 एशिया कप मैच में यूएई के खिलाफ एक पारी में 10 छक्के लगाए थे। इससे पहले साल 2008 में ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल ने 12 छक्के एक पारी में लगाए थे। लेकिन अब सूर्यवंशी के नाम अंडर 19 एशिया कप में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वैभव अब यूथ वनडे मैचों की एक पारी में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बैटर बन गए हैं।

### वैभव का 2025 में छठा शतक ..




वैभव का यह 2025 में छठा शतक था। ये सभी शतक साढ़े सात महीने अप्रैल के अंत से दिसंबर तक आए हैं। इस आंकड़े में अभी इजाफा हो सकता है क्योंकि अंडर-19 एशिया कप की अभी शुरुआत ही हुई है। वैभव ने इंडियन प्रीमियर लीग से लेकर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे तक पर अपना जलवा दिखाया है।

#### आईपीएल में शतक

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए वैभव सूर्यवंशी ने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक जड़कर तहलका मचा दिया था। वह आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे।

#### यूथ वनडे में शतक

वैभव ने आईपीएल के बाद अपना जलवा इंग्लैंड में दिखाया। इंडिया अंडर-19 और इंग्लैंड अंडर-19 के बीच 5 मैचों की यूथ वनडे सीरीज के पांचवें मैच में उन्होंने 52 गेंदों पर शतक जड़ा। वैभव ने इस मैच में 10 छक्कों और 13 चौकों के साथ 78 गेंदों पर 143 रन की पारी खेली।

#### एशिया कप राइजिंग स्टार्स

एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 में इंडिया ए के लिए वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 32 गेंदों पर शतक ठोक दिया था। उन्होंने 42 गेंदों पर 144 रन ठोक दिए थे। उन्होंने 11 चौके और 15 छक्के लगाए।

#### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक

वैभव सूर्यवंशी का जलाव सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी देखने को मिला। बिहार के लिए खेलते हुए 14 साल के खिलाड़ी ने महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों पर नाबाद 108 रन की पारी खेली। यह उनके टी20 करियर का तीसरा शतक था।

#### अंडर-19 एशिया कप में शतक

वैभव सूर्यवंशी ने 12 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 95 गेंदों पर 171 रनों की पारी खेली।

#### यूथ टेस्ट में शतक

वैभव ने यूथ टेस्ट में शतक जड़ा। इंडिया और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 में 78 गेंदों पर ताबड़तोड़ शतक जड़ा।

#### 234 रन से हारा यूएई

भारत ने अंडर-19 वनडे एशिया कप के अपने शुरुआती मैच में यूएई को 234 रन के बड़े अंतर से हराया। यूएई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 53 रन तक छह विकेट गंवा दिए। सूरी और मधु ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 144 गेंद में 85 रन की साझेदारी कर टीम के हार को अंतर को कम किया।

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

# तालिका में छठे पायदान पर लुढ़की टीम इंडिया




एजेंसी ▶▶| दुबई

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में एक स्थान फिसल कर छठे पायदान पर पहुंच गई। इस शानदार जीत से तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त के साथ न्यूजीलैंड की टीम तालिका में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गई।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआती दो चक्र की उपविजेता रही भारतीय टीम को पिछले महीने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से हार का सामना करने के बाद बड़ा खामियाजा उठाना पड़ा था। टीम तब तालिका ने पांचवें स्थान पर खिसक गई थी जबकि उस समय न्यूजीलैंड छठे स्थान पर था। बेसिन रिवर्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की बड़ी जीत के बाद तालिका में उलटफेर देखने को मिला।

### ऑस्ट्रेलिया 100 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर

पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 100 प्रतिशत अंकों (जीत-हार प्रतिशत) के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि द.अफ्रीका 75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। श्रीलंका (66.67) संयुक्त तीसरे जबकि पाकिस्तान (50) पांचवें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक 66.67 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं, जबकि भारत का जीत-हार प्रतिशत 48.15 है।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से दी करारी शिकस्त

वेलिंगटन टेस्ट



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

जैकब डफी की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई।

डफी ने 38 रन देकर पांच विकेट लिए। यह श्रृंखला में दूसरा अवसर था जबकि उन्होंने पारी में पांच विकेट लिए। उनके साथी तेज गेंदबाज माइकल रे ने 45 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 128 रन पर ढेर कर दिया। इस तरह से न्यूजीलैंड को 56 रन का लक्ष्य मिला और उसने केवल 10 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 205 रन बनाए थे, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 278 रन बनाकर 73 रन की बढ़त हासिल की थी। इन दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से शुरू होगा।

# विनेश ने की संन्यास से वापसी ओलंपिक में पदक जीतना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि उनका जोश और जज्बा अब भी पहले की तरह कायम है और वह 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने के लिए संन्यास से वापसी करेंगी। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में मिली निराशा के बाद खेल से दूरी बना ली थी।

पेरिस ओलंपिक में उन्हें महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले निर्धारित वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था।



उन्होंने खेल पंचाट (सीएएस) में संयुक्त रूप से रजत पदक देने की मांग की थी, लेकिन फैसला नहीं बदला गया, जिसके चलते उन्होंने संन्यास की घोषणा की और राजनीति में प्रवेश किया। वह हरियाणा के जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुनी गईं।

विनेश ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा, 'लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस में ही मेरे सफर का अंत हो गया है। लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपनी महत्वाकांक्षाओं से भी दूर रहने की जरूरत थी। कई वर्षों में पहली बार मैंने चैन की सांस ली।'

## आईएलटी20

# एमआई एमिरेट्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को हराया

**अबूधाबी।** फजलहक फारुकी की शानदार गेंदबाजी और जॉनी बेयरस्टो की उपयोगी पारी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अबूधाबी नाइट राइडर्स पर सात विकेट से आसान जीत हासिल की। इस जीत से एमआई एमिरेट्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके अब चार अंक हो गए हैं और उसने अपने चार मैचों में से दो में जीत हासिल की है। नाइट राइडर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। उसकी तरफ से अलीशान शराफू ने 38 और सुनील नारायण ने 26 रन बनाए। फारुकी ने 14 रन देकर चार जबकि कामिंदु मेंडिस ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए।




## जीओएटी इंडिया टूर आज से शुरू, सोमवार को नई दिल्ली में होगा समाप्त

# भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार मेस्सी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी की 2011 के बाद 13 दिसंबर से शुरू होने वाली पहली भारतीय यात्रा चकाचौंध से भरपूर होगी लेकिन इसमें फुटबॉल का खास जादू देखने को नहीं मिलेगा। मेस्सी का यह दौरा यह 2011 की तुलना में पूरी तरह से अलग होगा जब यहां साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों ने सुपरस्टार के पांवों का जादू देखा था। तब फीफा मैत्री मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 1-0 से हराया था और 85 हजार से अधिक प्रशंसक स्टेडियम में जमा हुए थे।

कुछ दर्शक तो स्टैंड के किनारों पर भी बैठे थे। आठ बार बैलोन डीओर जीतने वाले मेस्सी इस बार 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' में फुटबॉल खेलने वाले नहीं हैं। यह पूरी तरह से प्रचार और व्यावसायिक रूप से आयोजित कार्यक्रम है, जो शनिवार को शुरू होगा और सोमवार को नई दिल्ली में समाप्त होगा।



### सॉल्ट लेक स्टेडियम में 78 हजार सीटें रिजर्व

फिर भी एक ऐसे शहर के लिए यह बेहद खास है, जिसने कभी माराडोना तो कभी पेले सिर आंखों पर बिठाया तो कभी अपने फुटबॉल प्रेम से डुंगा को चकाचौंध किया और रोनाल्डिन्हो को गले लगाया। इसे देखते हुए फुटबॉल नहीं खेलने के बावजूद यह शहर मेस्सी को अपने सिर आंखों पर बिठाने के लिए तैयार है। आयोजकों ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए 78 हजार सीटें सुरक्षित रखी हैं। मेस्सी शनिवार को 45 मिनट तक चलने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए टिकटों की कीमत 7 हजार रुपए तक है।

### मेस्सी से मिलेंगे धुर समर्थक चाय बेचने वाले शिबशंकर पात्रा

इच्छापुर में चाय बेचने वाले शिब शंकर पात्रा के लिए अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का भारत दौरा सपना सच होने जैसा है और उनका मानना है कि यह देखने के लिए ही ईश्वर ने उनकी जान बचाई। 56 वर्ष के पात्रा उन दो प्रशंसकों में से हैं, जिन्हें मेस्सी से मुलाकात के लिए चुना गया है। पात्रा की कहानी मीडिया में वायरल होने के बाद आयोजकों ने मुलाकात के लिए उन्हें चुना। एक समय क्लब स्तर पर खेलने वाले पात्रा पूरी जिंदगी अर्जेंटीना और मेस्सी के धुर समर्थक रहे। इससे पहले 2011 में जब वेनेजुएला के खिलाफ फीफा का दोस्ताना मैच खेलने मेस्सी यहां आए थे तब नवाबगंज में पात्रा ने अपना पूरा घर नीले और सफेद से रंग दिया था। इसके अलावा दशकों पुराना टी स्टाल भी 'अर्जेंटीना फैन क्लब' बना दिया, जिसके प्रवेश पर मेस्सी का आदमकद स्टैच्यू लगाया था।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
● सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
● मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)

• शैक्षणिक योग्यता : 12वीं / स्नातक
• अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में एवं कम्प्यूटर (अनुभवी को प्राथमिकता)
• कौशल : उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
• वेतन : आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
• स्थान : रायपुर (छ.ग.)
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि रायपुर कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
संपर्क करें : inhnewshr@gmail.com
एच.आर.
9303492276
9522283349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

5 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
Eye Strain
Eye Dryness
Eye Tiredness
Eye Freshness
Eye Cleanliness
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
Clinically Tested
24x7 Helpline: 8196822222
www.eyemantra.com
AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS
EYE Mantra
आँखों की थकान दूर करने का आसान समाधान
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

# ये है दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन जर्नी, बैठे-बैठे आधी दुनिया देख लेते हैं लोग

**लिस्बन।** ट्रेन का रोमांच किसे नहीं भाता? खिड़की से बाहर झांकते हुए पहाड़, नदियां, गांव और शहरों का नजारा। ये तो हर सफर का मजा है। लेकिन, भारत में हम अपनी विवेक एक्सप्रेस को सबसे लंबी ट्रेन जर्नी मानते हैं, ये ट्रेन डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी तक चलती है। इसकी कुल लंबाई 4,273 किलोमीटर है और इस सफर को पूरा करने में करीब 80 घंटे का समय लगता है। लेकिन, दुनिया में एक ऐसी ट्रेन यात्रा है जो आपके दिमाग की बत्ती गुल कर देगी। ये है पुर्तगाल से सिंगापुर तक का रेल सफर। अपनी जर्नी में ये ट्रेन लगभग 18,755 किलोमीटर का सफर तय करती है। इसे पूरा करने में 21 दिन का समय लगता है। यानी पूरे 21 दिन रेल की पटरियों पर इंसान को समय बिताना पड़ता है। ये कोई लग्जरी ट्रेन नहीं होत, बल्कि 20 से ज्यादा सामान्य ट्रेनों का कनेक्शन है । इसमें एक ही टिकट नहीं मिलता, हर देश की अलग बुकिंग और अलग वीजा की जरूरत पड़ती है।

## एक ट्रेन से घूमें कई देश

अगर पैसेंजर के पास सारे डॉक्युमेंट्स मौजूद हैं, और सब कुछ सही रहा तो जर्नी की शुरूआत पुर्तगाल के दक्षिणी तटीय शहर लगोस से होती है। जहां समुद्र की लहरें और यूरोपीय सूरज की धूप है। फिर स्पेन के मैड्रिड, फ्रांस का पेरिस, जर्मनी का बर्लिन, पोलैंड का वारसॉ, बेलारूस होते हुए रूस के मॉस्को पहुंच जाता है। यहां से असली खेल शुरू होता है। अब पैसेंजर चढ़ते हैं ट्रांस-साइबेरियन रेलवे में. ये दुनिया की सबसे मशहूर रेल लाइन है जो 6,000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी है। मॉस्को से मंगोलिया के उलानबातार, फिर चीन के बीजिंग तक, साइबेरिया के बर्फीले जंगल, बैकाल झील (दुनिया की सबसे गहरी), गोबी रेगिस्तान के रेत, सबके दर्शन हो जाते है। ये हिस्सा अकेले 6-7 दिन ले लेता है।

## बीस हजार किलोमीटर लगातार दौड़ती है रेलगाड़ी



## वर्ल्ड रिकॉर्ड में है शामिल

ट्रेन की आगे की जर्नी बीजिंग से दक्षिण की ओर होती है। चीन के हाई-स्पीड ट्रेन से कुनमिंग, फिर लाओस-चीन रेलवे से विएंटियाने, वियतनाम होते हुए थाईलैंड का बैंकॉक तक का सफर तय होता है। आखिर में मलेशिया के कुआलालंपुर से सिंगापुर देखने को मिलता है। चमचमाते शहर में उतरते ही 8 टाइम जोन पार हो चुके होते हैं। अपनी इस जर्नी में ट्रेन कुल तेरह देश पार करता है, जिसमें पुर्तगाल, स्पेन, फ्रांस, जर्मनी, पोलैंड, बेलारूस, रूस, मंगोलिया, चीन, वियतनाम, लाओस, थाईलैंड, मलेशिया और सिंगापुर शामिल है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स के मुताबिक, ये सबसे लंबी संभव ट्रेन जर्नी है। इस सफर को पूरा करने में कुल लागत आती है सिर्फ 1,350 डॉलर यानी करीब 1.1 लाख रुपए।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक (अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी व्दारा घुटने के लिगामेंट का पुर्ननिर्माण
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## क्या है तुर्किये में अचानक बने 700 गड्ढों का रहस्य?

**अंकारा।** तुर्किये से बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। देश के मध्य क्षेत्र कोन्या प्लेन में समस्या बढ़ती जा रही है, जो बेहद डराने वाली है। यहां पर करीब 700 बड़े-बड़े गड्ढे (सिंकहोल) बन गए हैं और नए-नए बनते जा रहे हैं। इन विशाल गड्ढों में खेत समाते जा रहे हैं। इसकी वजह से किसान खौफ के साए में जी रहे हैं। इसकी वजह लंबे समय पड़ रहा भयंकर सूखा और भूजल का अधिक इस्तेमाल बताया जा है। दिसंबर 2025 में आई नई रिपोट्र्स के मुताबिक, गड्ढों की संख्या 684 है।

'धौती योग' का उपहार
www.dhoutiyog.in
पुणे (महाराष्ट्र) की सुप्रसिद्ध औषधी अब छत्तीसगढ़ में !
सिद्ध कॅल्सीयोग®
लोह और विटॅमिन सी युक्त आयुर्वेदिय कॅल्शियम टॅब्लेट्स
MRP : ₹ 399/-
• हड्डी और जोड़ों का टॉनिक. • हाथ, पैर, कमर, घुटने, पीठ, जोड़ों के दर्द के लिए उत्तम. • बालों का झड़ना कम करे • मांसपेशी, लिगामेंट चोट पर प्रभावी.
सिद्ध फार्मास्यूटिकल्स, पुणे
डॉ. अभिजीत 94220 11723
मेडिकल और आयुर्वेदिक स्टोर्स पर उपलब्ध
Trade Enquiry:
मणिधारी ट्रेडर्स - रायपुर. 9770099119
गुलाबचंद बजाज मेडिकल - दुर्ग. 9685363113

Navkar Hospital & Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
मस्तिष्क व रीढ़ की निम्न समस्याओं के लिए संपर्क करें
- सिर की चोट (हेड इन्जुरी)
- रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर
- बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेलस)
- पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील)
- माइक्रो एण्डोस्कोपी
- सिरदर्द, लकवा सियाटिका
- कमरदर्द, हाथपैर में दर्द
- स्लिप डिस्क आदि का इलाज
डॉ. राजेश जैन
न्यूरोसर्जन विशेषज्ञ
Emergency Contact no 9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
कार्डियोलॉजी विभाग
डॉ. बिनोद अग्रवाल MD, DM (Cardiology)
डॉ. मनोज गुप्ता MD, DM (Cardiology)
- फ्लेट पैनल कैथलैब (क्लैरिटी साफ्टवेयर के साथ)
- 24x7 Intesive Cardiac Care Unit
- एन्जियोप्लास्टी, ब्लूनिंग, पेसमेकर, ICD, डिवाइज क्लोजर-ASD, VSD, PDA
- डे-केयर एन्जियोग्राफी
- ECG, Echo, TMT, DSE एवं हॉल्टर मॉनीटरिंग
- कार्डियक हैल्थ चेक-अप पैकेज
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737



SCAN & SHOP
SHOP IN-STORE & AT LIFESTYLESTORES.COM
CITY CENTRE, PANDRI | MAGNETO MALL, LABHANDI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com